वर्ष : 14 | अंक : 259 | जयपुर | बुधवार, 24 जुलाई, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

# बढ़ता राजस्थान

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

UNION BUDGET 2024-25



## मोदी सरकार के पिटारे से निकली

# भारत के विकास की घोषणाएं...

## बजट में न्यू टैक्स रिजीम में राहत 17,500 तक का सीधा फायदा, ओल्ड टैक्स रिजीम वाले घाटे में

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट पेश कर दिया। ये उनका लगातार सातवां बजट था। बजट में इनकम टैक्स को लेकर राहत दी गई है। न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 3 लाख से 7 लाख रुपए की आय पर 5% के हिसाब से टैक्स देना होगा। पहले ये 6 लाख तक था। न्यू टैक्स रिजीम के अन्य स्लैब में भी बदलाव किया गया है। इन दोनों बदलावों से टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा होगा। हालांकि पुराने टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा

इनकम टैक्स स्लैब और स्टैंडर्ड डिडक्शन में बदलाव के बाद टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा होगा। पहले सैलरी से होने वाली 15.75 लाख की इनकम पर 1 लाख 57 हजार 500 रुपए टैक्स बनता था। अब इन बदलाव के बाद 1 लाख 40 हजार रुपए टैक्स बनेगा।

### न्यू टैक्स रिजीम में क्या खास

- इसमें किसी तरह की छूट नहीं मिलती है।
- 7 लाख रुपए तक की इनकम को जीरो टैक्स करा सकते हैं।
- आप किसी स्कीम में इन्वेस्ट नहीं करते हैं, तो न्यू टैक्स रिजीम चुनना चाहिए।

### ओल्ड टैक्स रिजीम में क्या खास

- निवेश, हेल्थ इंश्योरेंस, बच्चों की स्कूल फीस और घर के किराए किए गए खर्च पर आप टैक्स छूट का फायदा ले सकते हैं।
- ऐसे में अगर आपका पैसा इन चीजों में जाता है तो आपके लिए ओल्ड टैक्स रिजीम सही रहेगी।

## सस्ता और महंगा- मोबाइल फोन सस्ते होंगे : सोना-चांदी पर भी ड्यूटी घटाई; एक साल में 300 रुपए घटे सिलेंडर के दाम

अब बजट में गिनी-चुनी चीजें ही सस्ती या महंगी होती हैं। सरकार ने 1 जुलाई 2017 को देशभर में जीएसटी लागू किया था, जिसके बाद से बजट में केवल कस्टम और एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई-घटाई जाती है। ड्यूटी के बढ़ने और घटने का इनडायरेक्ट असर चीजों की कीमतों पर पड़ता है। तो इस बार सरकार ने मोटे तौर पर 7 चीजों पर कस्टम ड्यूटी घटा दी है और 2 की ड्यूटी बढ़ा दी है।

**एक साल में सिलेंडर 300 रुपए सस्ता, सोना-चांदी 13,000 रुपए महंगे**-बीते एक साल में सोना-चांदी 13,000 रुपए महंगे हुए है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 300 रुपए घटे हैं। इस दौरान तुअर दाल करीब 30 रुपए प्रति किलो महंगी हुई है। सोयाबीन तेल, आटा और चावल के दामों में ज्यादा बदलाव नहीं आया है।

## किसान बजट

## एग्रीकल्चर के लिए 1.52 लाख करोड़

### 32 फसलों की 109 नई किस्में लाएंगे; 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती कराएंगे



सरकार ने एग्रीकल्चर और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए दिए। पिछले साल 1.25 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे। यानी इस बार किसानों के लिए बजट 21.6% यानी 27 हजार करोड़ रुपए बढ़ाया गया।

हालांकि किसानों की लगातार मांग के बाद भी मिनिमम सपोर्ट प्राइस यानी, एमएसपी को लेकर बजट में कोई घोषणा नहीं हुई। वहीं किसान सम्मान निधि की राशि भी नहीं बढ़ाई गई, ये 6,000 रुपए ही रहेगी।

### एग्रीकल्चर बजट से जुड़ी बड़ी बातें -

#### 1. एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए तैयार किया जाएगा

अगले दो सालों में देश भर में 1 करोड़ किसानों को सर्टिफिकेशन और ब्रांडिंग के जरिए नेचुरल फार्मिंग से जोड़ा जाएगा और इसकी शुरुआत कराई जाएगी। ग्राम पंचायत और साइंटिफिक इंस्टीट्यूशन के जरिए इसका इंप्लीमेंटेशन किया जाएगा। 10,000 नीड-बेस्ड बायो-इनपुट सेंटर्स स्थापित किए जाएंगे। किसानों की मदद के लिए 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। नाबार्ड के जरिए किसानों को मदद दी जाएगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने पर काम होगा। किसान की पैदावार को मौसम के असर से बचाने पर काम किया जाएगा। सरकार ने बताया कि 32 फसलों की 109 नई किस्में लाई जाएंगी, जो मौसम के अनुकूल होंगी।

#### 2. एमएसपी पर कोई घोषणा नहीं

बजट में किसानों की सबसे बड़ी मांग एमएसपी को लेकर कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने एक महीने पहले लगभग सभी मुख्य फसलों पर बढ़ी हुई एमएसपी की घोषणा की थी। साथ ही किसानों को मिलने वाली सम्मान निधि में भी इजाफा नहीं किया गया।

#### 3. दलहन और तिलहन में किसानों को आत्मनिर्भर बनाएंगे

दलहन और तिलहन में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इनके प्रोडक्शन, स्टोरेज और मार्केटिंग को मजबूत करेंगे। अंतरिम बजट में की गई घोषणा के अनुसार सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे तिलहनों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए स्ट्रेटेजी बनाई जाएगी।

#### 4. सब्जियों की सप्लाई चेन को मजबूत करेंगे

सब्जियों की सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए फार्मर-प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन, सहकारी समितियों और स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देंगे। इनके कलेक्शन, स्टोरेज और मार्केटिंग पर फोकस करेंगे। राज्यों के साथ पार्टनरशिप के तहत सरकार 3 सालों में किसानों और उनकी भूमि को कवर करने के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने पर काम करेंगे।

#### 5. नेशनल कोऑपरेशन पॉलिसी लाएगी सरकार

सरकार कोऑपरेटिव सेक्टर के विकास के लिए नेशनल कोऑपरेशन पॉलिसी लाएगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था का तेजी से विकास और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करना, इस पॉलिसी का टारगेट होगा।

## एजुकेशन एंड एम्प्लॉयमेंट बजट

## हर साल 20 लाख युवाओं को इंटर्नशिप, 5 हजार महीना मिलेंगे; एजुकेशन लोन पर 3% ब्याज सरकार देगी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार (23 जुलाई) को शिक्षा के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। यह पिछले बजट से 32% ज्यादा है। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने नौकरियों और स्किल ट्रेनिंग से जुड़ी 5 स्कीम्स का ऐलान किया है।

**स्कीम 1:** फर्स्ट टाइम एम्प्लॉयमेंट- 1 लाख रुपए से कम सैलरी होने पर, ईपीएफओ में पहली बार रजिस्टर करने वाले लोगों को 15 हजार रुपए की मदद तीन किश्तों में मिलेगी। ये किश्तें डीबीटी के जरिए सीधे बैंक अकाउंट में ट्रांसफर होंगी। इस स्कीम से 210 लाख युवओं को मदद दी जाएगी।

**स्कीम 2:** जॉब क्रिएशन इन मैन्युफैक्चरिंग- इसमें मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से जुड़े फर्स्ट टाइम एम्प्लॉइज को ईपीएफओ जमा के आधार पर पहले 4 साल इंसेंटिव मिलेगा। इससे 30 लाख युवाओं को फायदा मिलेगा।

**स्कीम 3:** सपोर्ट टू एम्प्लॉयर- इस स्कीम से सरकार एम्प्लॉयर्स का बोझ घटाने का काम करेगी। इसके तहत नए कर्मचारियों के ईपीएफओ कॉन्ट्रिब्यूशंस पर एम्प्लॉयर्स को 2 साल तक हर महीने 3 हजार रुपए का रीएम्बर्समेंट करेगी।

**स्कीम 4:** पार्टिसिपेशन ऑफ वुमेन इन वर्कफोर्स- नौकरियों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए वर्किंग वुमन हॉस्टल, बच्चों के क्रेच और वुमन स्किलिंग प्रोगाम शुरू किए जाएंगे।

**स्कीम 5:** स्किलिंग- 1 करोड़ युवाओं को 5 साल में स्किल्ड किया जाएगा। 1 हजार इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स अपग्रेड किए जाएंगे। हर साल 25 हजार स्टूडेंट्स को स्किलिंग लोन का फायदा दिया जाएगा।

सरकार 500 टॉप कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप देगी। इंटर्नशिप के दौरान 5 हजार रुपए हर महीने का स्टाइपेंड मिलेगा। हायर एजुकेशन के लिए 10 लाख तक का लोन जिन स्टूडेंट्स को सरकारी योजनाओं के तहत कोई फायदा नहीं मिल रहा है, उन्हें देशभर के संस्थानों में एडमिशन के लिए 10 लाख तक के लोन में सरकारी मदद मलिगी। सालाना लोन पर ब्याज का 3% पैसा सरकार देगी। इसके लिए ई-वाउचर्स लाए जाएंगे, जो हर साल 1 लाख स्टूडेंट्स को मिलेंगे।

### सर्विस सेक्टर के लिए वित्त मंत्री के 5 ऐलान-

- प्राइवेट सेक्टर को हर क्षेत्र में सरकार की स्कीम्स से मदद दी जाएगी।
- नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के जरिए 3.3 लाख करोड़ रुपए कंपनियों को दिए गए।
- विवादों के निपटारे के लिए अतिरिक्त ट्रिब्यूनल बनाए जाएंगे।
- रिकवरी के लिए भी अतिरिक्त ट्रिब्यूनल बनाए जाएंगे।
- शहरों के क्रिएटिव रीडेवलपमेंट के लिए पॉलिसी लाई जाएगी।

इसके अलावा कुल 1 हजार आईटीआई को डेवलप किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए महिला हॉस्टल और बच्चों के लिए क्रेच खोले जाएंगे। ई-श्रम पोर्टल को अन्य सरकारी पोर्टल के साथ जोड़ा जाएगा ताकि नौकरी खोजने वालों को कंपनियों और स्किल ट्रेनिंग संस्थानों से मिलाया जा सके।

### 10 साल में 7 नए आईआईएम खोले गए

1 फरवरी 2024 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश किया। बजट भाषण में उन्होंने बताया -

- जारी वित्त वर्ष में स्किल इंडिया के तहत 1.4 करोड़ युवाओं को ट्रेनिंग दी गई है।
- 2014 से 2024 तक 7 नए आईआईएम और 7 नए आईआईएम खोले गए हैं।
- देश में 3 हजार नए आईटीआई बनाए गए हैं।
- 16 आईआईआईएमएस और 390 यूनिवर्सिटीज खुले हैं।
- पिछले 10 साल में हायर एजुकेशन में 28% एनरोलमेंट बढ़े हैं।
- शिक्षा बजट पर एनडीए सरकार में यूपीए के मुकाबले 1.4% कम खर्च
- पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने यूपीए के मुकाबले शिक्षा पर कुल बजट का औसतन 1.4% कम खर्च किया।

## बजट से संबंधित कुछ खास घोषणाएं

### एम्प्लॉई और एम्प्लॉयर्स के लिए रोजगार से जुड़ी तीन स्कीम

**पहली बार जॉब करने वालों के लिए के स्कीम ए :** पहली बार सभी फॉर्मल सेक्टर में वर्कफोर्स में प्रवेश करने वाले सभी एम्प्लॉइज को एक महीने की सैलरी मिलेगी। ईपीएफओ में पहली बार रजिस्टर होने वाले एम्प्लॉइज को एक महीने की सैलरी के बराबर राशि (15,000 रुपए से ज्यादा नहीं), तीन किस्तों में ट्रांसफर होगी। एलिजिबिलिटी लिमिट 1 लाख रुपए प्रति माह होगी। इस योजना से 210 लाख युवाओं को फायदा मिलने की संभावना है।

**मैन्युफैक्चरिंग में जॉब क्रिएशन के लिए स्कीम बी :** पहली बार काम करने वाले एम्प्लॉइज के रोजगार से जुड़ी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एडिशनल एम्प्लॉयमेंट की योजना। एम्प्लॉयमेंट के पहले 4 साल में एम्प्लॉई और एम्प्लायर दोनों को उनके ईपीएफओ कॉन्ट्रीब्यूशन के अनुसार इंसेंटिव मिलेगा। इस योजना से 30 लाख युवाओं को फायदा मिलने की संभावना है।

**एम्प्लॉयर्स के लिए स्कीम सी :** यह एम्प्लॉयर फोकस्ड स्कीम सभी सेक्टर में एडिशनल एमप्लॉयमेंट को कवर करेगी। हर माह 1 लाख रुपए के वेतन के भीतर सभी एडिशनल एम्प्लॉयमेंट को गिना जाएगा। सरकार हर एक एडिशनल एमप्लॉई के लिए ईपीएफओ योगदान के लिए एम्प्लॉयर्स को दो साल तक हर महीने 3,000 रुपए तक का रीइंबर्समेंट करेगी। इस योजना से 50 लाख लोगों को एडिशनल एमप्लॉयमेंट मिलने की उम्मीद है।

### एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप प्रोग्राम का ऐलान, टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप

सरकार 500 टॉप कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर देने के लिए एक योजना शुरू करेगी। इसमें हर महीने 5000 रुपए इंटर्नशिप भत्ता और 6000 रुपए की एकमुश्त सहायता दी जाएगी।

### मुद्रा लोन की लिमिट दोगुनी हुई, एमएसएमई को अब 10 लाख की जगह 20 लाख तक लोन

मुद्रा लोन की लिमिट को बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है। पहले इस स्कीम के तहत एमएसएमई के लिए 10 लाख रुपए तक का लोन मुहैया कराया जा रहा था, जो अब 20 लाख रुपए कर दिया गया है। पीएम मुद्रा योजना में तीन कैटेगरी है। शिशु लोन, किशोर लोन और तरुण लोन। शिशु लोन के तहत 50 हजार रुपए, किशोर में 5 लाख तक और तरुण के तहत 10 लाख रुपए तक का लोन दिया जाता था।

### महिलाओं के लिए 3 लाख करोड़ का अलॉकेशन, होस्टल भी बनेंगे

महिलाओं और लड़कियों को फायदा पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ से अधिक का आवंटन किया गया है। सरकार वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कामकाजी महिलाओं के लिए होस्टल बनाएगी।

### नालंदा को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देगी सरकार

केंद्र सरकार बिहार के नालंदा-राजगीर कॉरिडोर सहित नालंदा को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देगी। काशी विश्वनाथ मंदिर की तरह विष्णुपद मंदिर और महाबोधि मंदिर में कॉरीडोर को डेवलप करेगी।

### सरकार ने एंजेल टैक्स खत्म किया, स्टार्टअप्स को राहत मिलेगी

कोई प्राइवेट कंपनी अपने शेयर उसके फेयर वैल्यू से अधिक कीमत पर बेचती है, तो उस, कंपनी को एंजेल टैक्स पेमेंट करना पड़ता था। आम तौर पर एंजेल स्टार्टअप्स कंपनियों पर लगता था, जब उनमें कोई इन्वेस्ट करता था। इससे स्टार्टअप्स को टैक्स से राहत मिलेगी।

### फ्यूचर एंड ऑप्शन पर एसटीटी टैक्स बढ़ाया

फ्यूचर पर सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स यानी एसटीटी 0.0125% से बढ़ाकर 0.02% हुआ। ऑप्शन ट्रांजैक्शन पर 0.0625% से बढ़ाकर 0.1% लगाने का ऐलान किया गया है। एफएण्डओ में छोटे निवेशकों की बढ़ती संख्या और घाटे के कारण सरकार ने ऐसा किया।



### 4.54 लाख करोड़ रुपए का बजट डिफेंस के लिए

- डिफेंस के लिए 4.54 लाख करोड़ रुपए का बजट अलोकेट किया है। यह फरवरी में अंतरिम बजट में मिले 6.21 लाख करोड़ रुपए से 1.67 लाख करोड़ रुपए कम है।
- 1.72 लाख करोड़ रुपए- कैपिटल एक्विजिशन के लिए। यह डिफेंस बजट का 28%
- 92,088 करोड़ रुपए- आर्म्ड फोर्स के रेवेन्यू एक्सपेंडिचर के लिए। इसमें सैलरी शामिल नहीं है
- 1.41 लाख करोड़ रुपए- डिफेंस पेशन
- 6,500 करोड़ रुपए- बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए
- 7,651.80 करोड़ रुपए- इंडियन कोस्ट गर्ड
- 3,855 करोड़ रुपए- डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# रामनिवास बाग से घाटगेट आगरा रोड घाट की घूणी, ट्रान्सपोर्ट नगर दिल्ली बाईपास रोड ईदगाह तक रोड के दोंनों तरफ करीब 7 कि.मी. तक तक अवैध निर्माण हटाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-1, 2 व 10 में रामनिवास बाग से घाटगेट आगरा रोड घाट की घूणी, ट्रान्सपोर्ट नगर दिल्ली वाईपास रोड ईदगाह तक रौंड के दोंनों तरफ करीब 7 कि.मी. तक अवैध निर्माण हटाए। जोन-5 व पीआरएन नोर्थ में ओम होटल से 200 फीट वाईपास होते हुए पुरानी चुंगी अजमेर रोड तक के एरिया में आज करीब 140 अतिक्रमणों को हटवाया। लगातार कार्यवाही करते हुये कुल 1285 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवा कर रोड सीमाओं को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जयपुर शहर के मुख्य रोड्स, सेक्टर रोड्स व अन्य रोड्स पर बाधित यातायात आवागमन को सुगम संचालन हेतु सड़कों पर अस्थायी रूप से किये जा रहे अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांकः15.07.2024 से शुरू की गई। जिसमें दिनांकः 23.07.2024 को रामनिवास बाग से घाटगेट आगरा रोड घाट की घूणी, ट्रान्सपोर्ट नगर दिल्ली वाईपास रोड ईदगाह तक रौंड के दोंनों तरफ करीब 7 कि.मी. तक के एरिया में करीब 120 अतिक्रमणों को हटवाया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देषन में मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के निर्देषन में उप नियंत्रक-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-1, 10, एस आई के सहयोग से सामुहिक अभियान का आयोजन कर रामनिवास बाग से घाटगेट आगरा रोड घाट की घूणी, ट्रान्सपोर्ट नगर दिल्ली वाईपास रोड ईदगाह तक रौंड के दोंनों तरफ करीब 7 कि.मी. तक के दायरे में दुकानों, मकानों के आगे अत्यधिक लम्बाई में बने चबुतरें, सीढ़ियां, बाउण्ड्रीवाल, लोहे के एंगिल टीनशेड, सीमेन्ट के पिलर, बांस तम्बू तिरपाल की झुग्गी झोंपडी, लगाये गये चाय, नास्तें की थडियां, ठेलें, रेलिंग, टेबल कुर्सियां, होर्डिंग-साइन बोर्ड इत्यादि द्वारा किये गये लगभग 120 स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जोन- 1, 2, 10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, मजदूरों की सहायता से हटाया जाकर मुख्य रोड़ को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जेडीए द्वारा मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के निर्देषन में उप नियंत्रक-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन- 06, पीआरएन (नॉर्थ), एस आई के सहयोग से सामुहिक अभियान का आयोजन कर ओम होटल से 200 फीट वाईपास होते हुए पुरानी चुंगी अजमेर रोड तक के दायरे में दुकानों, मकानों के आगे अत्यधिक लम्बाई में बने चबुतरें, सीढ़ियां, बाउण्ड्रीवाल, लगाये गये चाय, नास्तें की थडियां, ठेलें, तिरपाल, रेलिंग, टेबल कुर्सियां, होर्डिंग-साइन बोर्ड इत्यादि द्वारा किये गये लगभग 140 स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जोन- 5, पीआरएन (नॉर्थ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, मजदूरों की सहायता से हटाया जाकर मुख्य रोड़ को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।



## अश्लील वीडियो बनाकर कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रामनगरिया थाना इलाके में परिचित युवक के कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी परिचित ने उसके साथ मारपीट की। अब आरोपित अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता आ रहा है। इस संबंध में रामनगरिया थाने में पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि जगतपुरा निवासी 23 वर्षीय एक युवती ने ने मामला दर्ज करवाया है कि वह प्राइवेट कॉलेज में पढाई करती है। आरोपित दिनेश कुमार परिचित होने के कारण घर पर आना-जाना था। पीडिता आरोप है कि करीब डेढ़ साल पहले आरोपित दिनेश घर पर परिजनों से मिलने आया था। परिजनों के घर से बाहर होने पर अकेला पाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की। दुष्कर्म कर उसके अश्लील वीडियो बना लिए। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर देहशोषण करने लगा। पिछले डेढ़ साल तक ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया और विरोध करने पर मारपीट करता आ रहा है। आरोपित से परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई और इसके बाद थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया।

## 5वीं कक्षा के छात्र को प्रिंसिपल ने मारा चांटा, गाल पर सूजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** महेश नगर थाना इलाके में 5वीं कक्षा के छात्र से मारपीट के मामले में परिजनों ने प्रिंसिपल के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। गाली-गलौच के मामले में प्रिंसीपल ने बच्चे को चांटा जड़ा था इससे उसके गाल पर सूजन आई। मारपीट के मामले में बच्चे के पिता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार अम्बेडकर कॉलोनी राव जी का बाग निवासी रुपेश कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि उसका बेटा करतारपुरा स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पांचवी कक्षा में पढ़ा है। प्रिंसीपल अंकित नागर ने उसके बच्चे को जमकर पीटा । इससे उसके चेहरे पर सूजन आ गई। बच्चा ठीक से बोल नहीं पा रहा है। जांच अधिकारी एएसआई रामपाल ने बताया कि बच्चे का मेडिकल करवाया दिया है। प्रिंसिपल से पूछताछ में सामने आया कि बच्चा गाली-गलौज ज्यादा करता था इसी के चलते गुस्से में आकर उससे मारपीट कर दी।

## घर में सो रही महिला पर हमला कर नकदी व अन्य सामान लूट ले गए बदमाश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शिवदासपुरा थाना इलाके में घर पर सो रही बुजुर्ग महिला पर हमला कर तीन-चार बदमाश सोने की नथनी, नकदी और मोबाइल लूट कर ले गए। बदमाशों के हमले में बुजुर्ग महिला घायल हो गई। घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार प्रहलादपुरा निवासी बाबूलाल शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि 22 जुलाई की देर रात ढाई बजे से चार बजे के बीच उसके घर में तीन-चार बदमाश घुस आए और कमरे में सो रही उसकी मां पर हमला कर दिया। हमला कर उसकी मां से नाक में पहनी सोने की नथनी, मोबाइल और 50 हजार रुपए ले गए। हमले में मां के नाक व चेहरे पर चोट आई है। नाक पर चार टांके आए है। घटना का पता चलने पर परिजनों ने बदमाशों को आस-पास तलाश किया,लेकिन कोई पता नहीं चला। इस पर थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। मामले की जांच एसआई लेखराज कर रहे है।

## हनी ट्रैप केस में फंसाने की धमकी देकर होटल मैनेजर से ठगे चार लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आमेर थाना इलाके में होटल मैनेजर को ब्लैकमेल कर एक महिला द्वारा चार लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़ित मैनेजर का आरोप है कि रुपये वसूली के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर ब्लैकमेल कर हनी ट्रेप केस में फंसाने की धमकी देकर रुपए वसूलना शुरू किया। इस संबंध में पीड़ित होटल मैनेजर ने थाने में आरोपित महिला खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। थानाधिकारी अंतिम शर्मा ने बताया कि विद्याधर नगर निवासी 33 वर्षीय युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि वह आमेर इलाके में स्थित एक होटल में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। पिछले आठ महीने पहले ही होटल में गेस्ट रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर महिला ने ज्वाइन किया था। एक साथ जॉब करने के कारण दोनों में बातचीत होने गई। बातचीत के दौरान आरोपी महिला मित्र ने उसे प्यार के जाल में फांस लिया। जरुरत बताकर दस-बीस हजार रुपए ऐंठने लगी। बार-बार रुपयों की डिमांड से परेशान होकर पैसे देने से मना कर दिया। रुपए मिलना बंद होते ही महिला के तेवर बदल गए। वह सोशल मीडिया पर बदनाम करने की धमकी देने लगी। उसकी पत्नी को बताने के साथ ही हनी ट्रैप केस में फंसा कर जिदंगी बर्बाद करने की धमकी देती। होटल मालिक से शिकायत करने पर महिला ने अपनी गलती मानकर लिखित मे माफी मांगी। कुछ दिन बाद दोबारा से बदनाम करने की धमकी देने पर होटल मालिक ने उसे नौकरी से निकाल दिया। वहीं दस दिन बाद इंस्टाग्राम पर उसकी फोटो के साथ आपत्तिजनक बात लिखकर पोस्ट की।

## निर्दलीय विधायक एवं पूर्व परिवहन मंत्री यूनुस खान का शुक्रवार को किया जाएगा पुतला दहन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रदेश में रोडवेज की सभी इकाइयों पर शुक्रवार को निर्दलीय विधायक एवं पूर्व बीजेपी सरकार के परिवहन मंत्री यूनुस खान का पुतला दहन किया जाएगा। जयपुर स्थित सभी रोडवेज इकाइयों के सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी चौमू हाउस एरिया में पुराने केंद्रीय कार्यशाला के सामने शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे एकत्रित होकर वहां से यूनुस खान के पुतले को लेकर रैली के रूप में मुख्यालय पहुंच कर पुतला दहन करेंगे।



राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों का संयुक्त मोर्चा प्रदेश संयोजक एम.एल. यादव ने बताया कि निर्दलीय विधायक एवं पूर्व बीजेपी सरकार के परिवहन मंत्री यूनुस खान ने 20 जुलाई को राज्य विधानसभा में परिवहन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान डीजल मंहगा होने के कारण प्रदेश में रोडवेज की बसों को बढ़ावा देने के बजाय लोक परिवहन सेवा की निजी बसों की संख्या का विस्तार करने की पुरजोर वकालत की है। रोडवेज विरोधी उनके इस बयान से आम रोडवेज कर्मचारियों - अधिकारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है।

जिसके चलते जयपुर में एटक के प्रदेश कार्यालय में राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे की आयोजित हुई बैठक में विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से यूनुस खान द्वारा राज्य विधानसभा में दिये गये रोडवेज विरोधी बयान के विरोध में शुक्रवार को प्रदेश में रोडवेज की सभी इकाइयों पर उनके पुतले दहन करने का फैसला किया गया है। संयुक्त मोर्चे ने प्रदेशभर में रोडवेज की सभी इकाइयों में अपने घटक संगठनों की शाखाओं को एकताबद्ध तरीके से यूनुस खान के पुतले दहन करने का कार्यक्रम व्यापक प्रचार के साथ आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि दिसंबर 2013 से दिसंबर 2018 की अवधि में बीजेपी सरकार में यूनुस खान जब परिवहन मंत्री थे, तब उन्होंने प्रदेश में लोक परिवहन सेवा की निजी बसों को बड़ी संख्या में परमिट देकर रोडवेज बसों के समानांतर रोडवेज के बस स्टैंडों से संचालित करने का फैसला करके उसे लागू करने के लिये एड़ी चोटी का जोर लगाया था, किन्तु प्रदेश में रोडवेज के बहादुर कर्मचारियों के एकताबद्ध लम्बे आंदोलन सहित 06 अक्टूबर 2016 की प्रदेशव्यापी चक्काजाम हड़ताल के परिणामस्वरूप बीजेपी सरकार को रोडवेज के बस स्टैंडों से लोक परिवहन सेवा की निजी बसों को संचालित करने का फैसला वापस लेने के लिये मजबूर होना पड़ा था।

## निपाह वायरस का कहर हर वर्ष क्यों : डॉ. लियाकत अली मंसूरी

### निपाह वाइरस के लक्षण चांदीपुरा वायरस के लक्षणों से मिलते जुलते होने से चिकित्सकों को रखनी होगी पैनी निगाह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मनुष्यों में निपाह वायरस के संक्रमण से श्वसन तन्त्र और तंत्रिका तंत्र प्रभावित होते हैं इसलिए इसे पोर्सिन रेस्पिरेटरी और न्यूरोलॉजिक सिंड्रोम या इंसेफेलिटिक सिंड्रोम या बार्किंग पिग सिंड्रोम के नाम से जाना जाता हैं । निपाह वायरस चमगादड़ , सूअर या दूषित खाद्य पदार्थों द्वारा मनुष्यों में फैलता है या यह सीधे मनुष्य से मनुष्य में भी फैलता है । ख़ासकर टेरोपोडिडे परिवार के फल चमगादड़ निपाह वायरस के प्राकृतिक मेजबान हैं।



**निपाह वाइरस क्या है :** निपाह वायरस एक जूनोटिक वायरस है यानी यह जानवरों से मनुष्यों में फैलता है और यह दूषित भोजन के माध्यम से या सीधे व्यक्ति से व्यक्ति में फैलता है। सबसे पहले निपाह वायरस की पहचान 1999 में मलेशिया में सुअर पालन करने वाले किसानों में देखी गई थी , 2001 में बांग्लादेश और पूर्वी भारत सिंगापुर , सिलीगुड़ी में इस बीमारी की पहचान की गई थी, तब से हर साल इस बीमारी का प्रकोप होता रहा है।

**लक्षण**-व्यक्ति में पहले बुखार , सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, गले में खराश के बाद खांसी और श्वास संबंधित समस्याएं आने लगती हैं और फिर दिमाग़ में सूजन आने से मानसिक स्थिति में परिवर्तन होने लगते हैं जिससे चक्कर आना, उनींदापन, चेतना में बदलाव , दौरे जैसे न्यूरोलॉजिकल संकेत और बाद में कोमा में जाकर मृत्यु भी हो जाती हैं । तीव्र संक्रमण होने से व्यक्ति 24 से 48 घंटों के भीतर ही कोमा में जा कर मृत्यु प्राप्त हो जाती हैं ।

**रोकथामः** सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का प्रयोग करें । खांसते-छींकते समय रुमाल या टिश्यू पेपर का इस्तेमाल करना चाहिए । फ्लू से संक्रमित व्यक्ति से दूरी बना कर रखना चाहिए । समय समय पर सूअरों में निपाह वायरस की जांच करवाते रहना चाहिए । उचित डिटर्जेंट या फिनाइल से सुअर फार्मों की नियमित और पूरी तरह से सफाई और कीटाणुशोधन करवाना चाहिए । यदि प्रकोप का संदेह है, तो पशु परिसर को तुरंत संगरोधित किया जाना चाहिए।

#### निपाह वाइरस की आयु

निपाह वाइरस अनुकुल परिस्थितियों में लम्बे समय तक जीवित रह सकते हैं। यह चमगादड़ के मूत्र और दूषित फलों के रस में भी कई दिनों तक जीवित रह सकते हैं।

#### यूनानी चिकित्सा

फिलहाल अभी तक कोई उचित दवा या टीका नहीं है। इसमें आराम, जलयोजन और लक्षणों का उपचार किया जाता हैं । इसमें चांदीपुरा वाइरस की तरह ही लक्षणों के आधार पर ही ईलाज करते हैं ट्टुहब्बे बुखार, शर्बत खाकसी, खमीरा आबरेशम हकीम अरशद वाला, लऊक सपिस्ता ,शर्बत सिनफ्लू, इन्फ्लूएंजा ड्रॉप, जवारीश तमरहिंदी, हब्बे अजारकी दी जाती हैं । ईलाज अनुभवी यूनानी चिकित्सक द्वारा ही कराएं ।

## छात्रों को योग और ध्यान की प्रभावी तकनीकों के बारे में दी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बेहतर फोकस, तनाव मुक्त मन और स्वस्थ शरीर हर बच्चे की जरूरत है । प्राणायाम, ध्यान और योग इन सभी को पाने के लिए एक बेहतरीन तरीका है । आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवकों की इसी पहल के तहत सीडलिंग मॉडर्न हाई स्कूल ने आर्ट ऑफ लिविंग के कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें छात्रों को योग और ध्यान की प्रभावी तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक शिवानी शर्मा ने छात्रों को विभिन्न योग और ध्यान की टिप्स दीं । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल हुईं शिवानी शर्मा ने छात्रों को उत्कर्ष योग और मेधा योग जैसे कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास, चिंता और तनाव प्रबंधन में मदद करने वाली योग और ध्यान की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास करने के लाभों के बारे में बताया।

कार्यक्रम में छात्रों को सुदर्शन क्रिया जैसी शक्तिशाली श्वास तकनीकों के बारे में भी बताया गया, जो मन को शांति, स्पष्टता और रचनात्मकता प्रदान करती हैं। उन्होंने छात्रों को नियमित अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे इन तकनीकों का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साह से भाग लिया और योग और ध्यान के अभ्यास का आनंद लिया। स्कूल प्रशासन ने इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए गुरुदेव रविशंकर की प्रेरणा से जिलेभर में स्वास्थ्य और खुशी फैला रहे आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया । गौरतलब है कि छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ।

## डॉ. मोहम्मद शोएब पीसीसी सचिव नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर निवासी शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मोहम्मद शोएब को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सचिव नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति के आदेश प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अनुशंसा पर प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने किए है। वहीं दोनों पार्टी नेताओं ने डॉ. मोहम्मद शोएब को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे तथा आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी की सामूहिक सफलता के लिए प्रयास करेंगे। इसी के साथ कई शुभचिंतकों ने इन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने पच्चीस हजार इनामी वांछित तस्कर को पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने उदयपुर जिले में वांछित इनामी रतनलाल बंजारा निवासी साडास (जिला चित्तौड़गढ़) को भीलवाड़ा के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में बरडोद चौराहे से दस्तयाब किया है। आरोपित की गिरफ्तारी पर उदयपुर एसपी द्वारा 25 हजार का इनाम घोषित है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि सूचना के मिलने पर टीम ने हमीरगढ़ थाना इलाके में घेराबंदी कर पांच साल से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी रतन लाल बंजारा को पकड़ लिया। आरोपित काफी शातिर प्रवृत्ति का है। पहली बार इसके विरुद्ध साल 2019 में उदयपुर जिले के थाना सूरजपोल में एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज हुआ, जबकि प्रारंभिक पूछताछ में इसने उससे पहले पंजाब, हरियाणा व राजस्थान में अफीम, स्मैक एवं डोडा चूरा इत्यादि मादक पदार्थ बेचने का कार्य करना बताया।

गौरतलब है कि 17 अक्टूबर 2019 को एटीएस यूनिट उदयपुर एवं थाना सूरजपोल पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड की पीछे 100 फीट रोड पर खड़े आरोपित विक्रम कुमार गाडरी निवासी थाना गंगरार चितौड़गढ़ को 5 किलो 360 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया था।

जिसने पूछताछ में आरोपित रतनलाल बंजारा से अफीम खरीद कर कालू जाट निवासी जरखाना थाना बड़ी सादड़ी चित्तौड़गढ़ को देने जाना बताया। कालूराम ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। घटना के बाद से ही आरोपित रतनलाल फरार चल रहा था। पिछले 7-8 महीने से एजीटीएफ इसके पीछे पड़ी थी। लेकिन आरोपी अपने पास मोबाइल नहीं रखता है। इस वजह से इसे तलाशना कठिन हो रहा था।

## आरम्भ-2024 में रंग मस्ताना की परफॉर्मेंस ने बांधा समा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में चल रहे अठारह दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'आरम्भ-2024' के अंतर्गत मस्ताना ग्रुप की ओर से स्टूडेंट्स को करवाई गई चार दिन की वर्कशॉप के फाइनल परफॉर्मेंस ने सभी को रोमांचित किया। स्टूडेंट्स ने मंझे हुए कलाकारों की तरह क्रिएटिव प्रस्तुतियां दी एवं ऑडियंस की जमकर तालियां बटोरी। ओरिएंटेशन के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है , जिसमें स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी के कल्चर को नजदीक से समझ रहे है। कार्यक्रमों के दौरान स्टूडेंट्स ने मैराथन दौड के साथ मार्ग में विभिन्न स्थानों पर होते हुए फिटनेस का संदेश दिया। इसके बाद स्टूडेंट्स को मैराथन सर्टिफिकेट भी दिया गया। हेड ऑफ स्टूडेंट्स अफेयर दीपक सोगानी ने बताया कि अठारह दिन तक चलने वाले इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने विभिन्न आयोजनों, वर्कशॉप , थियेटर, फोटोग्राफी, आउटिंग एवं अन्य एक्टिविटी के दौरान यूनिवर्सिटी के कल्चर को नजदीक से जान रहे है। यूनिवर्सिटी की प्रो वीसी अल्का महाजन ने सभी स्टूडेंट्स को ओरिएंटेशन के समापन के बाद पूरी शिद्दत के साथ अपने लक्ष्य में जुट जाने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि आप ठान लें तो कुछ भी असंभव नहीं है। इस दौरान स्टूडेंट्स ने लक्ष्य प्राप्ति को लेकर संकल्प भी लिया।

# चाकसू के मनौहरा तालाब में साफ-सफाई के अभाव में बिगड़ रहे हैं हालात

## सीढ़ियों पर जगह-जगह कचरे एवं गंदगी के ढेर

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू ( नि.स. )।** चाकसू कस्बे के पूर्वी एवं पश्चिमी छोर पर मनौहरा एवं गोलीराव तालाब स्थित है, इनके किनारे सभी धर्मों के आस्था केंद्र प्राचीन समय से ही बने हुए हैं इन पवित्र जलाशयों का शुद्ध जल नहाने धोने एवं अभिषेक आदि के काम में आता रहा है। समय के बदलाव एवं बढ़ती आबादी क्षेत्र के दबाव के चलते इन सार्वजनिक जलाशयों की लगातार उपेक्षा होती आ रही है। गंदे पानी के नाले यहां तक कि आसपास के लोगों ने गटर के नाले तक तालाबों में डाल रखे हैं। बरसाती पानी के आवक मार्गों एवं अधिक भराव होने पर पानी के निकास मार्ग अतिक्रमणों के चलते अवरूद्ध हो चुके हैं। सावन का महिना लग चुका, दोनों तालाब खाली पड़े हैं।

नगरपालिका प्रशासन अथवा मत्स्य विभाग हर साल मत्स्य ठेका देता आ रहा है, हर वर्ष ठेकों से राजस्व भी मिल रहा है। लेकिन इन तालाबों की समय रहते साफ-सफाई, विलायती बंबूलो की कटाई, घाटों की मरम्मत तक नहीं हो पा रही। घाटों पर कचरे के ढेर पड़े हैं। जिम्मेदारी कोई नहीं ले रही। प्राप्त जानकारी अनुसार दो दसक पहले तक मनौहरा तालाब के देखरेख के लिए आसपास के जिम्मेदार लोगों समिति बनी हुई थी। वह अपना दायित्व भली-भांति निभाते आ रही थी लेकिन नगरपालिका एवं मत्स्य विभाग ने मामला अपने हाथ में ले लिया । तब से ही इन तालाबों की दुर्दशा आरंभ हो गई। जागरूक नागरिक केदार शर्मा, पार्षद दिनेश शर्मा, गौशाला के अध्यक्ष रामावतार सैनी, बजरंग दल के प्रमुख केशव गौतम, बालाजी मंदिर समिति सदस्य सुनील गौतम, मनौहरा तालाब किनारे स्थित महर्षि गौतम आश्रम, महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान के पदाधिकारी एवं गोपीनाथ मंदिर विकास समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा, मंत्री रामप्रकाश शर्मा, गणेशपुरी धाम के महंत राजेन्द्र पुरीजी महाराज, ठेकेदार राधेश्याम शर्मा,चम्पेश्वर महादेव मंदिर समिति सदस्यो ने सरकार एवं नगरपालिका से अनुरोध किया है कि मत्स्य पालन ठेका स्थाई रूप से प्रतिबंधित करते हुए इन तालाबों की सुरक्षा समितियों का गठन कर दायित्व दे। जिससे इनकी शुद्धता एवं पवित्रता के साथ जल भराव क्षमता सुरक्षित रह सके।

# महिला का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपित गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विद्याधर नगर थाना इलाके में चार युवकों ने एक महिला को अगवा कर लिया और दो दिन तक उसके साथ गैंगरेप करते रहे। इसके बाद पीड़िता किसी तरह उनकी चंगुल से निकलकर घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर कर चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार विद्याधर नगर निवासी एक 35 वर्षीय महिला को बाजार से चार युवकों ने अपहरण कर लिया। बदमाश उसे अगवा कर एक मकान में ले गए और वहां पर उसके साथ दो दिन तक लगातार सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता किसी तरह उनकी चंगुल से निकलकर घर पहुंची। बदमाशों की धमकी के चलते महिला चुप रहीं। डर के चलते महिला की तबीयत बिगड़ी तो उसने पति को आपबीती बताई। इस पर परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। एक बड़े संभ्रात परिवार का मामला सामने आते ही पुलिस हरकत में आ गई। आनन फानन महिला को साथ लेकर उस जगह की तलाश की गई जहां पर बदमाशों ने उसे बंधक बनाकर रखा था। इसके बाद पुलिस ने चार आरोपियों को दबोच लिया।

### 16 घंटे के अथक प्रयास के बाद मिली सफलता

थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि महिला न तो उस गली तो जानती थी ना ही आरोपी उसके पहचान वाले थे। ऐसे में बदमाशों के साथ उस स्थान तक पहुंचना आसान नहीं था। इस पर महिला को साथ लेकर 16 घंटे तक संभावित स्थान की खोज की गई। आखिर में महिला ने उस जगह और मकान को पहचान लिया। इसके बाद आरोपियों की पहचान कर उनकों पकड़ लिया गया।

### पति से नाराज होकर घर छोड़कर निकली थी महिला

थानाधिकारी ने बताया कि महिला की अपने पति से अनबन हो गई थी इस पर वह घर छोड़कर निकल गई। रात को वह होटल ढूंढ रही थी इसी दौरान एक युवकों ने मदद करने की बात कहीं। होटल छोड़ने की बात कहकर उसे साथ लिया और कुछ दूर घुमाने के बाद अपने मकान के पास ले गए। इसके बाद महिला को कहा कि वह अकेला ही रहता है घर में कोई नहीं है वह उसके यहां पर ठहर सकती है। इसके बाद आरोपी ने अपने तीन साथियों को बुला लिया और महिला को बंधक बनाकर दो दिन तक उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर 26 जुलाई को जयसिंहपुरा खोर थाने में करेंगे जनसुनवाई

## पुलिस थाना रामगंज, गलता गेट, आमेर, ब्रह्मपुरी,जयसिंहपुरा खोर जयपुर (उत्तर) के परिवादियों की, की जाएगी जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ 26 जुलाई को 4 पीएम से 7 पीएम तक जयसिंहपुरा खोर में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद्र बिश्नोई, जिले के डीसीपी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज व आमेर संबंधित थानाधिकारी और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वृत क्षेत्र रामगंज व आमेर जयपुर (उत्तर) के परिवादियों की जनसुनवाई की जावेगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर द्वारा शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू(जयपुर पश्चिम) एवं प्रतापनगर (जयपुर पूर्व)थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

# हर तबके को फिर किया निराश

## केंद्र सरकार का फिर हवा हवाई बजट

## महंगाई से जनता त्रस्त, रोजगार पर फिर छलावा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** पिछले 10 साल से जनता के साथ छलावा कर रही केंद्र की एनडीए सरकार के बजट से समाज के हर तबके को निराश ही किया है। पेट्रोल डीजल के दामों पर बड़ी-बड़ी बातें कर जनता को गुमराह सरकार में आई एनडीए सरकार ने 10 साल में महंगाई को चरम पर पहुंचा दिया बजट में महंगाई से राहत के लिए कोई घोषणा नहीं की गई वहीं देश की बड़ी समस्या रोजगार को लेकर भी बजट में युवाओं को निराशा हाथ लगी है किसान, व्यापारी मध्यम वर्ग समेत किसी भी वर्ग के लिए यह बजट बैसाखियों पर खड़ी नई-नई सरकार देश की जनता के साथ कुठाराघात करने वाला बजट हैं। किसानों की आमदनी दुगने करने का वादा करने वाले और युवाओं को रोजगार देने के वादे एक बार फिर झूठ ही साबित हुए। देश के आर्थिक हालात दिनों दिन बिगड़ते जा रहे है और केंद्र की सरकार हमेशा की तरह जुमला सरकार बनकर ही देशवासियों को गुमराह करने का नाकाम प्रयास कर रही हैं।

# नगरपालिका प्रशासन ने सड़क सीमा से हटाया अवैध अतिक्रमण



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** नगरपालिका प्रशासन ने वार्ड 30 में सरकारी भूमि, सड़क सीमा पर अवैध रूप से पक्की दीवार एवं फैंसिंग लगाकर कब्जा कर लेने की सूचना मिलने पर नगरपालिका ए एस आई हंसराज मीणा जमादार जितेन्द्र एवं बबलू वाल्मीकि जेसीबी के साथ पहुंचे एवं सड़क सीमा पर किए गए अवैध अतिक्रमण को साफ करते हुए अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी जारी कर दी।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को अर्पित की जाएगी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक पर कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई को सवेरे 10 बजे शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान देश के सैकड़ों सैनिक अपने प्राणों की आहुति देकर शहीद हो गए थे। उनको शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र व पुष्प मालाएं तथा पुष्प चढ़ाकर नमन किया जाएगा तथा दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी ।

# स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल चाकसू में नवप्रवेशित बालकों का तिलक लगाकर किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** चाकसू बाईपास रोड स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल चाकसू में इस सत्र से कक्षा पहली से पांचवीं तक कक्षाएं शुरू हो चुकी है। जिसमे प्रवेश पाकर नए बच्चों के चेहरे खिल गए है उल्लेखनीय है कि मॉडल स्कूल में इसी सत्र से कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाओं का शुभारंभ हुआ है। विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती अनीता मीना के अनुसार प्रथम कक्षा में प्रवेश के सरकारी नियमों के अनुसार एक अक्टूबर 2024 को 6 वर्ष पूरा करने वाले बालकों को ही जुलाई में प्रवेश मिला है। इसलिए मात्र दो चार महिने भी कम होने के कारण अनेक बालकों को प्रवेश से वंचित रहना पड़ा है। कुछ कक्षाओं में बच्चों के आवेदन अधिक प्राप्त होने पर पारदर्शिता का ध्यान रखते हुए लाटरी के माध्यम से बच्चो को प्रवेश दिया गया। सोमवार एवं मंगलवार को नव प्रवेशित बालक बालिकाओं के प्रथम दिन होने के कारण सभी के तिलक निकाल कर विद्यालय में स्वागत किया गया। वही स्कूल में जाने पर नन्हे मुन्ने बालकों, परिजनों और शिक्षकों में अच्छा खासा उत्साह नजर आया । प्रधानाचार्य श्रीमती अनिता मीणा व अन्य स्टाफ ने नव प्रवेशित विद्यार्थियो का तिलक लगाकर सम्मान किया। कक्षाओं में अध्यापन कार्यक्रम शुरू हो चुका है।

# केन्द्रीय बजट से देश को मिलेगी ऊर्जा सुरक्षा : ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत बजट को आमजन की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट वर्ष-2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की सिद्धि में सहायक होगा। नागर ने कहा कि इस बजट के माध्यम से केन्द्र सरकार ने देश में सभी को पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए 9 चुनिंदा सेक्टर्स का महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं के रूप में चयन किया है। इनमें ऊर्जा सुरक्षा को सम्मिलित करना दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की भावी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए किस ठोस विजन के साथ काम कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से देश के एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने के संकल्प की पुनः अभिव्यक्ति और इसे आगे भी प्राथमिकता देने, विद्युत भंडारण को बढ़ावा देने के लिए पम्प स्टोरेज नीति, छोटे एवं मॉडयूलर न्यूक्लियर रिएक्टर्स के अनुसंधान तथा विकास, अधिक ऊर्जा दक्षता के साथ देश में ही विकसित की गई एडवांस्ड अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर की स्वदेशी तकनीक पर आधारित ऊर्जा संयंत्र लगाने तथा सोलर सैल एवं सोलर पैनल के निर्माण में काम आने वाली छूट प्राप्त पूंजीगत वस्तुओं की सूची को विस्तार देने जैसी घोषणाएं भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में सहायक होंगी।

# छात्रावास की बालिकाओ को दी महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**अंता ( नि.स. )।** महिला अधिकारिता विभाग के अधीन संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र अंता कार्यकारी संस्था प्रिया प्रशिक्षण संस्थान द्वारा विधिक जागरूकता के उद्देश्य से कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास में विधिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया ।केन्द्र की विधिक सलाहकार आशा सुमन ने कार्यशाला में उपस्थित छात्राओं को संबोधित कर महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के बारे में बताया ।महिला सशक्तिकरण, पॉक्सो एक्ट, भारतीय दंड संहिता एवं संविधान के बारे में सारगर्भित एवं विस्तृत जानकारी दी महिलाओं को सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न अधिकारों एवं कानून की जानकारी देते हुए स्वालंबन,उत्पीड़न व कौशल विकास कार्यक्रम संबंधित जानकारियां दी गईद्य साथ ही महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं उड़ान, राजश्री, इन्दिरा महिला शक्ति उधम प्रोत्साहन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, आरएससीआईटी, शिक्षा सेतु के बारे में जानकारी दी गई। गुड टच-बैड टच व सीएम चाइल्ड हेल्प लाइन, गरिमा, साइबर क्राइम, केंद्र के हेल्प लाईन नंबर के बारे में बताया गया। केंद्र की काउंसलर सुनीता मालव ने बताया की घरेलू हिंसा ,महिला उत्पीडन , पारिवारिक उलझन से परेशान महिलाओ के लिए सुलभ न्याय मिले , इसके लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर परिवार में हुए आपसी झगड़ो को दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया जाता है और पुनः घर बसाया जाने का प्रयास किये जाते है साथ ही छात्राओं को केंद्र के पम्पलेट भी वितरित किये गए द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता हॉस्टल वार्डन चंद्रेश राठौर ने की । कार्यक्रम में छात्रावास की वाईस वार्डन खुशी मेघवाल व लेखाकार प्रेरणा सुमन उपस्थित रही ।

# शुद्ध हवा व उत्तम स्वास्थ्य के लिए करें पौधारोपण : सत्यानी

## जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने जिला मुख्यालय स्थित जिला कारागृह में किया पौधरोपण

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( नि.स. )।** जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला कारागृह में पौधरोपण किया तथा जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बंदियों को फल व मिठाई वितरित की। पौधरोपण के दौरान सत्यानी ने कहा कि शुद्ध हवा व उत्तम स्वास्थ्य के लिए अधिकाधिक पौधरोपण करें तथा पौधों के समुचित सर्वाइवल की जिम्मेदारी लें। पौधों के बगैर जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। हम प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से ही मानवता के अस्तित्व की कल्पना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति इस मानसून के दौरान कम से कम एक पौधा लगाएं और उस पौधे के समुचित सर्वाइवल की जिम्मेदारी के साथ समुचित खाद व पानी की व्यवस्था करते हुए पोषण करे। इस मौके पर जिला कारागृह में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी व चूरू नगर परिषद के तत्वावधान में सघन वृक्षारोपण के तहत 900 पौधे लगाए गए। इस दौरान जेल अधीक्षक नरेंद्र स्वामी, ओमप्रकाश तंवर, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, एपीआरओ मनीष कुमार, रघुनंदन शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, एक्सईएन पूर्णिमा यादव, डिप्टी जेलर दलित सुथार, जेईएन सुशील बीएल मीणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

**बंदियों को वितरित किए फल :** इस अवसर जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने जिला कारागृह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बंदियों द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी लेते हुए अवलोकन किया। उन्होंने जिला कारागृह के पुस्तकालय तथा महिला वार्ड में बंदियों को फल व मिठाई वितरित की। जेल अधीक्षक नरेंद्र स्वामी ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। ओम प्रकाश तंवर ने बंदियों के लिए किए जा रहे नवाचारों व गतिविधियों की जानकारी दी।

# शराब ठेके को हटाने के लिए महिलाएं लामबंद, जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान




**दौसा ( नि.स. )।** जिले के सिकराय उपखंड के उदयपुरा गाँव में संचालित शराब ठेके को बंद कराने के लिए सोमवार को दर्जनों महिलाओं पुरुषों ने जिला कलेक्ट्रेट एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। समाजसेवी धीरज कारोलिया ने बताया कि शराब ठेकेदार द्वारा बैरवा मोहल्ला बाबा भारत गैस एजेंसी के पास अवैध रूप से संचालन कर रखा है जिसकी शिकायत पुलिस एवं आबकारी विभाग को कर दी लेकिन प्रशासन की मिलीभगत के चलते अवैध रूप से शराब बिक्री हो रहीं है जिससे आए दिन शराबी गाली गलौज कर माहौल खराब करते है। अनिता मधुकर ने बताया कि महिलाओं का दिन में भी रास्ते से निकलना दूभर हो रहा है। गौरतलब है कि ग्रामीणों द्वारा मेंहदीपुर बालाजी पुलिस थाना,सिकराय उपखंड अधिकारी ,मानपुर पुलिस उपाधीक्षक को भी ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने से हताश होकर जिला कलेक्टर से कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान राहुल मधुकर,कैलाश चंद बैरवा, जेपी, बनवारी, राजवीर, सीताराम, नरेश, दयाराम, राकेश आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों के हित का बजट : राजू मंगोड़ीवाला

## सोना-चांदी पर ड्यूटी घटने से बढ़ेगा बाज़ार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली नई सरकार के बजट में व्यापारियों के हित में किये गये निर्णय मील का पत्थर साबित होगे ।बजट 2024 पर प्रतिक्रिया देते हुये ज्वैलर्स एसोशियेसन के उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि ज्वैलर के हितों का ध्यान में रखते हुये बजट में हुई घोषणा से सोने चाँदी के व्यापार में पारदर्शिता के साथ साथ कालाबाज़ारी रोकने व दाम में गिरावट के साथ व्यापार की तरक़्क़ी होगी। सोने पर सीमा शुल्क में कटौती कर पूंजीगत लाभ कर को सरल बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है ।उपाध्यक्ष मंगोड़ीवाला ने मुद्रा योजना के तहत छोटे उद्यमों के लिए कर्ज सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये, 12 औद्योगिक पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव और अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये का उद्यम पूंजी कोष स्थापित करने के प्रस्ताव से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा ।व्यापार की दृष्टि से यह बजट देश को समृद्धि की ओर लेकर जाने वाला है।

# जिला परिवहन अधिकारी का कनिष्ठ सहायक एवं यातायात सलाहकार पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जोधपुर की स्पेशल यूनिट ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी पीपाड़ शहर जिला जोधपुर का कनिष्ठ सहायक सुरेन्द्र कुमार भादू एवं यातायात सलाहकार रोशन पंवार (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि जोधपुर की स्पेशल यूनिट टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि विभिन्न पत्रावलियों को पास करवाने की एवज मे कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी पीपाड़ शहर जिला जोधपुर का कनिष्ठ सहायक सुरेन्द्र कुमार भादू द्वारा स्वयं एवं परिवहन निरीक्षक के नाम से प्रति फाईल 3 हजार 500 रुपये के हिसाब से पांच हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर जा रहा है। जिस पर एसीबी जोधपुर की स्पेशल यूनिट टीम के पुलिस निरीक्षक मनीष वैष्णव के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ सहायक सुरेन्द्र कुमार भादू और पंवार यातायात सलाहकार रोशन को पांच हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

## सम्पादकीय

### विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए टिकाऊ विकास की राह

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन और वित्त मंत्रालय की उनकी टीम द्वारा तैयार आर्थिक समीक्षा से एक स्पष्ट संकेत नजर आता है। वह यह कि भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी से मजबूती से उबर चुकी है लेकिन विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए टिकाऊ वृद्धि के लिए निरंतर हस्तक्षेप की आवश्यकता होगी तथा कई उभरती आर्थिक और नीतिगत चुनौतियों का सामना करना होगा। महामारी के बाद भारत ने उच्च आर्थिक वृद्धि हासिल की है और इस दौरान उसे वित्तीय स्थिरता के साथ भी समझौता नहीं करना पड़ा। अब सबकी नजरें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर होंगी जो मंगलवार को नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेंगी। माना जा रहा है कि इस बजट में अन्य बातों के अलावा देश की अर्थव्यवस्था को लेकर मध्यम अवधि का खाका पेश किया जाएगा। वृद्धि के नजरिये से देखें तो 2023-24 में देश का सकल घरेलू उत्पाद, कोविड के पहले वाले वर्ष यानी 2019-20 की तुलना में 20 फीसदी अधिक था। इसका अर्थ यह हुआ कि हमने 2019-20 से 2023-24 तक 4.6 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि हासिल की।

समीक्षा में कहा गया है कि देश का मौजूदा सकल घरेलू उत्पाद वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में महामारी के पहले के स्तर के करीब था। यह भी अनुमान जताया गया है कि देश की अर्थव्यवस्था चालू वर्ष में 6.5 से 7 फीसदी की दर से विकसित होगी। यह दर रिजर्व बैंक के 7.2 फीसदी के अनुमान से कम है। राजकोषीय स्थिति में भी महामारी के समय से अब तक काफी सुधार हुआ है। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जो पिछले वर्ष सकल घरेलू उत्पाद के 6.4 फीसदी था, वह वित्त वर्ष 24 में कम होकर 5.6 फीसदी रह गया। कर संग्रह में वृद्धि तथा रिजर्व बैंक की ओर से अनुमान से अधिक स्थानांतरण जहां चालू वर्ष की राजकोषीय स्थिति में राहत प्रदान करेगा, वहीं बढ़ा हुआ सरकारी कर्ज चिंता का विषय है तथा उस पर नीतिगत ध्यान देने की आवश्यकता है। महामारी के बाद की अवधि में वृद्धि सरकार के पूंजीगत व्यय से अधिक संचालित रही है। वित्त वर्ष 24 में सरकार का पूंजीगत व्यय पिछले वर्ष की तुलना में 28.2 फीसदी बढ़ा और वह वित्त वर्ष 20 में दर्ज स्तर का करीब तीन गुना रहा।

बहरहाल समीक्षा में इस बात को उचित ही रेखांकित किया गया है कि अब सरकार के बाद इसे आगे बढ़ाने का काम निजी क्षेत्र का है। निजी क्षेत्र के निवेश में सुधार के आरंभिक संकेत नजर आ रहे हैं लेकिन इस रुझान को बरकरार रखना होगा। जैसा कि समीक्षा में कहा गया है, भविष्य की वृद्धि कई कारकों पर निर्भर करेगी जिनमें भू-राजनीतिक विभाजन और विभिन्न देशों के बीच बढ़ता अविश्वास शामिल है। उदाहरण के लिए 2023 में करीब 3,000 व्यापार प्रतिबंध लागू किए गए। इसके अलावा नीतिगत योजना में उभरती तकनीकों को शामिल करने का भी वृद्धि और विकास पर असर होगा। अल्प से मध्यम अवधि में जिन क्षेत्रों में नीतिगत ध्यान देने की आवश्यकता है उनमें उत्पादक रोजगार तैयार करना, कौशल की कमी को दूर करना, छोटे और मझोले उपक्रमों को प्रभावित करने वाले गतिरोधों को दूर करना।

# अर्थव्यवस्था को तीव्र गति एवं महाशक्ति बनाने वाला बजट

**यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। सातवीं बार बजट प्रस्तुत कर वित्तमंत्री सीमारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने वित्त मंत्री के रूप में पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था। सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में प्रस्तुत आम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है।**

**ललित गर्ग**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का प्रथम सम्पूर्ण बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया, उनकी ओर से प्रस्तुत यह बजट एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला है। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, नौकरीपेशा का थोड़ी राहत, बुनियादी ढांचे में निवेश, पर्यटन को बढ़ावा, आदिवासी उन्नयन, क्षमता विस्तार, हरित एवं कृषि विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी के नये भारत-सशक्त भारत-विकसित पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने सरकार की 9 प्राथमिकताओं -खेती में उत्पादकता और मजबूती बढ़ाना, रोजगार और स्किल डेवलपमेंट, मानव संसाधन का समावेशी विकास और सामाजिक न्याय, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज, अर्बन डेलपमेंट, एनर्जी सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्नोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स का ऐलान किया है, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगा। बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी है। विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, जो इस बजट से पूर्ण होता हुआ दिखाई देता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को लम्बे अन्तराल के बाद 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। नए टैक्स रिजीम के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही नए टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स में भी कुछ अहम बदलाव करने का एलान किया है। मौजूदा नियमों के तहत एक वित्त वर्ष के दौरान अधिकतम 1 लाख रुपये तक के लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस लिमिट को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दिया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'नवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिये बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की घोषणा की। वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण पूल भी बनाया जाएगा। मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाने का लक्ष्य है। 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण 4 का शुभारंभ किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। छात्रावासों और क्रेच के माध्यम से कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय सहयोग नीति लाएगी। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक क्षेत्र में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद इस बजट प्रावधानों के माध्यम से देश को स्थिरता की तरफ ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं। बजट हर वर्ष आता है। अनेक विचारधाराओं वाले वित्तमंत्रियों ने विगत में कई बजट प्रस्तुत किए। पर हर बजट लोगों की मुसीबतें बढ़ाकर ही जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट ने अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दी है तो नया भारत- सशक्त भारत-विकसित के निर्माण का संकल्प भी व्यक्त किया है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रेलों का विकास, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ किसानों, आदिवासियों, गांवों और गरीबों को ज्यादा तवज्जो दी गयी है। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। इस बार के बजट से हर किसी ने काफी उम्मीदें लगा रखी थीं और उन उम्मीदों पर यह बजट खरा उतरा है। विशेषत: नौकरीपेशा लोगों ने राहत की सांस ली है। संभवत: इस बजट को नया भारत निर्मित करने की दिशा में लोक-कल्याणकारी बजट कह सकते हैं। यह बजट वित्तीय अनुशासन स्थापित करने की दिशाओं को भी उद्घाटित करता है। आम बजट न केवल आम आदमी के सपने को साकार करने, आमजन की आकांक्षाओं को आकार देने और देशवासियों की आशाओं को पूर्ण करने वाला है बल्कि यह देश को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण एवं दूरगामी सोच से जुड़ा कदम है। बजट के सभी प्रावधानों एवं प्रस्तावों में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत यह बजट निश्चित ही अमृत बजट है। जिसमें भारत के आगामी 25 वर्षों के समग्र एवं बहुमुखी विकास को ध्यान में रखा गया है। बीते कुछ सालों में नरेन्द्र मोदी ने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है। आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जाएगा। इससे 63,000 गांवों को कवर किया जाएगा, जिससे 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा।

बजट में टूरिज्म पर विशेष बल दिया गया है। पर्यटन हमेशा से हमारी सभ्यता का हिस्सा रहा है।. भारत को वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के सरकार के प्रयासों से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बिहार में राजगीर और नालंदा के लिए एक व्यापक विकास पहल की जाएगी। सरकार ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा देंगी, जिसमें प्राकृतिक सुंदरता, मंदिर, शिल्पकला, प्राकृतिक परिदृश्य, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन समुद्र तट हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आशा के अनुरूप ही बजट का फोकस किसानों, आदिवासियों, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास, रोजगार, युवाओं की अपेक्षाओं, विकास और ग्रामीण क्षेत्र एवं पर्यटन पर रखा है। अपने ढांचे में यह पूरे देश का बजट है, एक आदर्श बजट है। इसका ज्यादा जोर सामाजिक विकास पर है। अक्सर बजट में राजनीति, वोटनीति तथा अपनी व अपनी सरकार की छवि-वृद्धि करने के प्रयास ही अधिक दिखाई देते है लेकिन बावजूद यह बजट राजनीति प्रेरित नहीं, देश प्रेरित है।

## शख्सियत



डॉ.आलोक शर्मा
(सीनियर फिजिशियन, अलवर)

नमस्कार मित्रों आज हमारे कॉलम के सुपर डुपर स्टार हैं,डॉ. आलोक जिनसे मिलने के लिए हर व्यक्ति प्रयास करता है। मृदु भाषी, सरल हर्दय, विचारक,चिंतक और अपनी सेवाओं के जरिये कुछ नहीं बहुत कुछ अच्छा करने का मादा रखने वाले हैं। जिनका जन्म पिलानी (झुंझुनू)12 मार्च 1983 हुआ। पुत्र श्री बाबूलाल जी शर्मा(गणित व्याख्याता)माता का नाम-श्रीमती कांता देवी शर्मा प्राथमिक शिक्षा सीमलवाड़ा (डूंगरपुर) में, 4 से 9वीं (शाहजहांपुर, अलवर)9 से 12 नवीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल अल्माटी से एमबीबीएस दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल, हरि नगर, दिल्ली में जे, आर जहाज में शामिल हुए। 1 वर्ष के लिए फ्लेक्स मेडिकल सेंटर पश्चिम विहार, दिल्ली में शामिल हुए। 2013 से 2019 तक चिकित्सा अधिकारी के रूप में सीएचसी बड़ोदा मेव9 में कार्यभार ग्रहण किया। 2020 से 2021 तक जिला कोविड सैंपलिंग हेतु नोडल अधिकारी, राजस्थान में अलवर द्वारा अधिकतम सैंपलिंग का रिकॉर्ड (औसतन 15000 प्रति दिन)। करके रिकॉर्ड काम किया।

सैटेलाइट अस्पताल में 2021 से अब तक सेवाए दे रहे हैं। मैं व्यक्तिगत तौर पर इन्हें जानता हूं कोविड में इनकी सैंपलिंग का एक बड़ा सिस्टम देखा है। जहां कॉविड रोगियों से लोग को तो दूर भाग रहे थे डॉक्टर्स ने अपने चेंबर में कांच लगवा लिए थे डॉक्टर मरीज को लगभग 10 से 15 फीट की दूरी पर देख रहे थे और परामर्श दे रहे थे ऐसे मे कोविड रोगियों का सैंपलिंग करना और ऊपर वाले पर यह विश्वास रखना कि मैं तो कर्म कर रहा हूं फल आपके हाथ में है प्रभु और आपको जानकर आश्चर्यजन होगा दोस्तों, की सच में इन्हें कुछ नहीं हुआ पूरी ऊर्जा पूरे जोश और पूरी तन्मयता के साथ कर्तव्य निष्ठा का पालन करते हुए इन्होंने राजस्थान में रिकॉर्ड तोड़ सैंपलिंग की लगभग 15 हजार प्रतिदिन। अचरज ये रहा की 15 अगस्त और 26 जनवरी पर प्रशासन की तरफ से इनका सम्मान करना चाहिए था,पर आप सब तो जानते ही हो सम्मान उनका ही होता है जिनकी सेटिंग हों। कोविड में बहुतों ने बहुत कुछ खोया है पर मैं गर्व से कहूँगा कि मैने तो छोटे भाई के रूप में डॉक्टर आलोक को पाया है। आपकी सरलता,सहजता और मोलिकता यूं कि बनी रहे बस। इसी कामना के साथ दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिंद**

## आज का इतिहास

### 24 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन 1758 में उत्तरी अमेरिका की पहली असेंबली वर्जीनिया हाउस ऑफ बर्जेसेज में शामिल हुए।
- फ्रांस ने 1793 में कॉपीराइट कानून बनाया।
- चिलि में 1830 को दास प्रथा समाप्त कर दी गई।
- अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत 1870 में हुई।
- सोराबाजार इंग्लिश फुटबॉल टीम ईस्ट सरे को हराने वाली पहली भारतीय टीम 1890 को बनी।
- हैरम बेहन द्वारा माया सभ्यता के लुप्त शहर माचुपिच्चु को 1911 में खोज निकाला गया।
- स्विट्ज़रलैंड में ग्रीस, बुल्गारिया और प्रथम विश्व युद्ध में शामिल अन्य देशों के बीच हुई इस संधि के द्वारा आधुनिक तुर्की की सीमाओं को 1923 में व्यवस्थित किया गया।
- रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान की स्थापना 1932 में की गई।
- ब्रिटेन में पहला बधाई टेलीग्राम 1935 को भेजा गया।
- इंस्टेंट कॉफी की खोज 1938 में हुई।
- उत्तर यूरोपीय देश लिथुनिया में 1941 को सम्पूर्ण यहूदी आबादी की नाजियों ने हत्या की।
- 300 लड़ाकू विमानों ने 1944 में जर्मनी पर बम गिराए।
- चार दिवसीय लिबिया-मिश्र युद्ध 1977 में हुआ।
- जापान के नागासाकी में 1982 में भारी बारिश से पुल ढहने से 299 लोगों की मौत हुई।
- भारत में लोकसभा में 73 विपक्षी सदस्यों ने 1989 में बोफर्स तोप के मुद्दे पर सदन से इस्तीफा दे दिया और जिसे स्वीकार कर लिया गया।
- तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने 1991 को संसद में बजट पेश किया जिसने भारत के लिए आर्थिक उदारीकरण के रास्ते खोल दिये।
- असम के बसबारी में 1994 को बोडो उग्रवादियों ने 37 मुस्लिमों की हत्या की।
- अमेरिकी अंतरिक्ष यान कोलंबिया का सफल प्रक्षेपण 1999 में हुआ।
- एस. विजयलक्ष्मी 2000 में शतरंज की पहली महिला ग्रैंडमास्टर बनीं।
- यूरोपियन यूनियन ने 2002 में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष में 3.20 करोड़ यूरो अतिरिक्त देने का निर्णय लिया।
- इटली ने 2004 में भारतीय पर्यटकों के लिए सात वीजा काल सेंटर शुरू करने का निर्णय लिया।
- कोरियाई क्षेत्र को 2005 में परमाणु हथियारों से मुक्त करने हेतु उत्तर और कोरिया के बीच आम सहमति बनी।
- प्यूर्टो रिको की सुन्दरी जुलेखा रिवेरा मेंडोजा गिस यूनिवर्स 2006 में चुनी गईं।
- फ्रांस के ट्रिकेस्टिन परमाणु संयंत्र में 2008 को हुए रिसाव से लगभग 100 व्यक्ति प्रभावित हुए।


### 24 जुलाई को जन्मे व्यक्ति

- भारत के प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पन्नालाल घोष का जन्म 24 जुलाई 1911 हुआ था।
- उर्दू के सुप्रसिद्द शायर व कवि नाजिश प्रतापगढ़ी का जन्म 24 जुलाई 1924 हुआ था।

## विशेष आलेख

# क्यों सरदार पटेल की सीख से पूजा खेडकर दूर रही

**आर.के. सिन्हा**



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 21 अप्रैल, 1947 को राजधानी के मेटकॉफ हाउस में आजाद होने जा रहे भारत के पहले बैच के आई सी एस जो 1948 से आई पी जो 1948 से आई पी एस कहलाये ऐसे सभी अफसरों को संबोधित करते हुए कहा था कि उन्हें स्वतंत्र भारत में जनता के सवालों को लेकर गंभीरता और सहानुभूति का भाव रखना होगा। उन्हें अपने दायित्वों का निर्वाह ईमानदारी से करना होगा। सरदार पटेल ने उन्हें स्वराज और सुराज का अंतर भी समझाया था। जाहिर है, उनका ईमानदारी से आशय यही रहा होगा कि वे अपने जीवन के हर क्षेत्र में शुचिता और तटस्थता का पालन करेंगे। पर हाल में आईएएस प्रोबेशनर, पूजा खेडकर मामले को गहराई से देखने से समझ आ रहा है कि कुछ शातिर तत्व आईएएस या अन्य सरकारी नौकरियों को पाने के लिए फर्जी प्रमाणपत्र भी सौंपते हैं। उनके लिए ईमानदारी का कोई मतलब नहीं है। उन्हें सरदार पटले की सीख से भी कोई लेना-देना नहीं।

पूजा खेडकर मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण ले रही थीं। उन्हें महाराष्ट्र, शायद उनके अपने राज्य कैडर, में जिला प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। उन्हें एहसास नहीं था कि आईएएस अफसर बनने का मतलब जन सेवा होता है। इसके बजाय, उसने इस पद को हासिल करने के बाद अपनी झूठी शान दिखानी शुरू कर दी। उसने कार, सुसज्जित कार्यालय और कर्मचारियों जैसी कई सुविधाओं की मांग की। चूँकि प्रोबेशनर्स इन लाभों के हकदार नहीं होते हैं, इसलिए उन्हें कोई भी लाभ नहीं दिया गया। इसलिए, उसने अपनी दैनिक ज़रूरतों के लिए एक लग्जरी कार किराए पर ली। इससे भी बुरा यह है कि उन्होंने कार की छत पर नीली बीकन लाइट भी लगाई। बीकन लाइट के इस्तेमाल को लेकर नियम हैं कि हर कोई ऐसी लाइट नहीं लगा सकता, जिसके कार्यात्मक उद्देश्य आवश्यक नहीं हैं। एम्बुलेंस वाहन पर ऐसी लाइट वाहन की तेज गति को सुविधाजनक बनाने के लिए है। पूजा का चयन दो विशेष श्रेणियों के तहत किया गया था। एक, वह ओबीसी के गैर-क्रीमी वर्ग से संबंधित हैं। यह स्वयं ही संदिग्ध है, यह देखते हुए कि उनके पिता एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी थे। फिर वह गैर-क्रीमी लेयर में कैसे चुनी गई। वह निश्चित रूप से गरीब व्यक्ति नहीं थी। उनके परिवार के पास पर्याप्त जमीन है जो निश्चित रूप से उन्हें एक अलग आर्थिक श्रेणी में रखेगी। पूजा ने यह भी दावा किया था कि उसकी एक अलग तरह की शारीरिक स्थिति है, जो उसे विकलांग कोटे के तहत आरक्षित सीट केलिये हकदार बनाती है। यूपीएससी और कार्मिक विभाग द्वारा विकलांगता के संबंध में कुछ तय दिशानिर्देशों का पालन करते हैं। एक व्यक्ति जिसे एक आंख में दृष्टि नहीं होती है, उसे विकलांग नहीं माना जाता है, यदि दूसरी आंख हर तरह से ठीक है। मैंने इसके बारे में तब जाना जब मेरे एक मित्र के पुत्र ने सिविल सेवा परीक्षा दी।। बचपन में, उसके एक भाई ने उसकी दाहिनी आंख में कंपास डाल दिया था, जिससे वह आंशिक रूप से अंधा हो गया था। वह विकलांग कोटे के तहत आरक्षण के लिए योग्य नहीं होता, अगर उसकी दूसरी आंख सही होती। उसकी सामान्य आंख में आंशिक अंधापन था। इस तरह वह रेलवे सेवा के लिए चुना गया, जहाँ वह अब एक जिम्मेदार पद पर है। पूजा खेडकर के मामले में, वह लोकोमोटर डिफिशिएंसी का दावा करती है, जो उसकी बाहों और पैरों के चलने में बाधा उत्पन्न करती है। डॉक्टर और तकनीशियन आसानी से कमी का आकलन कर सकते हैं। उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मेडिकल बोर्ड के सामने खुद को प्रस्तुत करना चाहिए था, जो यह प्रमाणित करता था कि वह विकलांग श्रेणी में शामिल करने के लिए योग्य है या नहीं। किसी न किसी बहाने से, वह बोर्ड के सामने पेश नहीं हुई, एक बार नहीं बल्कि पांच बार। वह उन अस्पतालों से विकलांगता का उचित प्रमाण पत्र भी प्राप्त नहीं कर सकी थी जिनसे उसने कथित तौर पर संपर्क किया था। यह भी रिकॉर्ड पर है कि उसने 2007 में एक मेडिकल कॉलेज में शामिल होने के दौरान पूर्ण फिटनेस प्रमाण पत्र जमा किया था। उल्लेखनीय बात यह है कि कार्मिक विभाग ने उसे मसूरी में आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करने और मेडिकल चेक-अप पास किए बिना आईएएस में शामिल होने की अनुमति दी। यहाँ कोई गंभीर गलती हुई है, जो भ्रष्टाचार की श्रेणी में आयेगा और सही और निष्पक्ष जांच के बाद इसके लिये दोषी अधिकारी या अधिकारीयों को दण्डित तो करना ही होगा। केंद्र सरकार ने एक मेडिकल परीक्षा का आदेश दिया है जिसके लिए उसने एक व्यक्तिगत समिति नियुक्त की है, जो यह साबित करेगी कि क्या वह किसी भी विकलांगता से पीड़ित है। अगर उसने नखरे नहीं दिखाए होते, तो वह सेवा में बनी रहती। इससे कांड के बाद यूपीएससी की कार्यप्रणाली भी अच्छी रोशनी में नहीं दिखता है।इससे भी गंभीर बात यह है कि पूजा अपने जिला मजिस्ट्रेट जिससे अधीन वह प्रशिक्षण प्राप्त ककर रही थी उनके आदेशों की अनदेखी करती थी। यह सरकारी सेवा में एक गंभीर आरोप है। इस बीच, तेलंगाना में एक आईएएस अधिकारी के बारे में भी रिपोर्ट आई हैं, जो कुछ विकलांगताओं के आधार पर सेवा में शामिल हुए। उदाहरण के लिए, उन्हें कथित तौर पर पोलियो का हमला हुआ है। लेकिन घोड़े की सवारी और साइकिल चलाते हुए उनके वीडियो यह तो नहीं बताते कि वे कभी पोलियो के शिकार थे?। इससे यह सवाल उठता है कि क्या सिविल सेवाओं में विकलांग श्रेणियों के तहत रिक्तियों को भरने में मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाता है। लगता तो यही है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और पिछले दस-पंद्रह साल में विकलांगता के आधार पर चुने गये ऐसे सभी मामलों को जांच के दायरे में लाने की आवश्यकता है। आईएएस, जिसे अक्सर भारत के इस्पात फ्रेम के रूप में जाना जाता है, यह उपाधि सरदार वल्लभभाई पटेल, भारत के लौह पुरुष से प्राप्त करता है। उन्होंने नव स्वतंत्र भारत की एकता और स्थिरता बनाए रखने में सिविल सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। आईएएस राष्ट्र के प्रभावी शासन के लिए आवश्यक, सबसे प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। इस सेवा में भर्ती में कोई भी समझौता देश के हितों को गंभीर रूप से कमजोर कर सकता है। यदि देश की जनता के दिल में आईएएस पदाधिकारियों के प्रति स्वाभाविक रूप से सम्मान और आदर का भाव नहीं रह जायेगा, तो कोई भी आईएएस प्रशासन कर ही नहीं पायेगा। आईएएस अधिकारियों से अपनी भूमिकाओं में निष्पक्षता और अखंडता का प्रदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है। उनके फैसले लाखों लोगों के जीवन और देश की समग्र स्थिरता को प्रभावित करते हैं। निष्पक्षता बनाए रखकर और कानून के शासन का पालन करके, आईएएस अधिकारी यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि सरकार की नीतियां और कार्यक्रम निष्पक्ष रूप से और प्रभावी ढंग से लागू किए जा रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया से समझौता पक्षपात ला सकता है और कानून के शासन को कमजोर कर सकता है, जिससे अस्थिरता और जनता का विश्वास कम हो सकता है। पूजा खेड़कर का मामला इस बात की गवाही है कि हमारे देश में फर्जी प्रमाणपत्र दिखाकर मलाई खाने का खेल खूब चल रहा है, जिसे तत्काल बंद किये जाने की आवश्यकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज कार्य सिद्धि और सफलता न मिले तो हताश न हो। आप अपने काम करते रहें। क्रोध पर संयम रखें। संतान से सम्बंधित विषय से मन चिंताग्रस्त रहेगा। आज कोई यात्रा न करें। हो सकें तो आज ज्यादातर समय मौन रहकर गुजारें।

**वृष**
नए वस्त्राभूषण की खरीदारी होगी तथा उसे पहनने का अवसर मिलेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। उत्तम भोजन और वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी। शारीरिक-मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। खर्च पर नियंत्रण होगा।

**मिथुन**
अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखें। धार्मिक यात्रा की संभावना है। आज के दिन नए काम की शुरूआत न करें। बाहरी खाद्य पदार्थों से स्वास्थ्य खराब होने की संभावना रहेगी। गुस्सा अधिक रहेगा, अत: बोलने पर संयम रखें। वृद्धि होगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों से अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। परिवार में वातावरण अच्छा बना रहेगा। घर की साज-सजावट कर उसे सुंदर बना सकेंगे। शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे। नींद का अभाव रहेगा।

**सिंह**
धन और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आज का दिन आलस्य तथा थकान में गुजरेगा। स्वभाव में उग्रता के कारण मानसिक रूप से व्यग्रता रहेगी। पेट दर्द के कारण परेशानी होगी। सफलता प्राप्त करने के लिए अधिक मेहनत करनी होगी।

**कन्या**
बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होता हुआ प्रतीत होगा। विरोधियों और दुश्मनों को पराजित कर सकेंगे। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। ननिहाल से कोई समाचार मिलेगा। आर्थिक लाभ की संभावना है। दिन चिंता में बीतेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**तुला**
हित शत्रुओं से संभलकर रहें। आपका आज का दिन सफलता और आमोद-प्रमोद से भरा होगा, जिससे पूरे दिन मन में प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। सार्वजनिक जीवन में सफलता और सिद्धि प्राप्त करेंगे। दोस्तों के मौज-मस्ती पर धन खर्च होगा।

**वृश्चिक**
आर्थिक लाभ, स्वादिष्ट भोजन और उपहार मिलने से आपका दिन अच्छा रहेगा। आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी नहीं है। अनेक प्रकार की चिंता आपको हो सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहेगा। सीने में दर्द हो सकता है।

**धनु**
आज जो भी काम करेंगे, उसमें उत्साह बना रहेगा। मानसिक रूप से ताजगी और बनी रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। मित्रों और स्वजनों के साथ खुशी के पल गुजार सकेंगे। मां से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**मकर**
पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है। पानी वाली जगहों से दूर रहें। महत्वपूर्ण निर्णय या जोखिम से बचने के लिए पैतृक संपत्ति में सावधानी बरतें। उचित पारिश्रमिक न मिलने से मन में उदासी रहेगी।

**कुंभ**
स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज के कई काम अधूरे रह सकते हैं। किसी कारणवश खर्च भी अधिक होगा। आज परिश्रम का अधिक फल नहीं मिलेगा। किसी बात को लेकर गलतफहमी रह सकती है।

**मीन**
व्यापारी वर्ग के लिए आज का दिन शुभफलदायी है। नौकरी में अधिकारियों की कृपादृष्टि से आपके लिए पदोन्नति भी संभव है। विवाह के इच्छुक व्यक्तियों को जीवनसाथी मिलने का योग है। परिवार में पत्नी और पुत्र से अच्छे समाचार मिलेंगे। समय आनंदपूर्वक गुजरेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

डिग्गी के अग्रवाल सेवा सदन में हुआ 30वें वर्षायोग कलश व मुनि दीक्षा दिवस का आयोजन

# इंसान को संत ही मानव जीवन का कल्याण करने व मोक्ष मार्ग का रास्ता दिखलाते हैं : आचार्य इन्द्रनन्दी जी महाराज

बढ़ता राजस्थान






**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षैत्र के डिग्गी में प्रबंध कमेटी अग्रवाल चौरासी मुनि सेवा समिति एवं सकल दिगम्बर जैन समाज डिग्गी के तत्वावधान में अग्रवाल समाज चौरासी द्वारा संचालित अग्रवाल समाज चौरासी के अग्रवाल सेवा सदन में आचार्य इन्द्रनंदी जी महाराज के ससंघ 30वें वर्षायोग मंगल कलश स्थापना एवं मुनि दीक्षा दिवस का आयोजन हुआ।

मंगलवार को आयोजित समारोह का शुभारम्भ अनिल कुमार सुनील कुमार प्रमोद कुमार नवनीत कुमार काला सांभर ने ध्वजारोहण के साथ किया। इसके पश्चात समारोह स्थल पर अनूपचन्द रेखा देवी, अक्षिता अभिनव, जैन अजमेरी वाले जयपुर ने चित्र का अनावरण किया। समारोह में दीप प्रज्जलवन पदमचन्द अशोक कुमार मीना देवी जैन कंसल परिवार लावा वालो ने किया। समारोह में भारी संख्या में मौजुद श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए आचार्य इन्द्रनन्दी जी महाराज ने कहा कि यह डिग्गी जैसी पवित्र भूमि का सौभाग्य है कि लगातार चातुर्मास का अवसर मिल रहा है। आचार्य श्री ने कहा कि संत भ्रमण करते हुए धर्म और ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस धरती पर केवल संत ही है जो मानव जीवन का कल्याण करने एवं इंसान को मोक्ष मार्ग का रास्ता दिखलाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती पाश्चात्य संस्कृति के कुप्रभाव के चलते धार्मिक भावना का विकास करना काफी कठिन हो गया है। लेकिन आज भी जैन धर्म के सिद्धान्त काफी प्रसागिंक और शाश्वत है। धर्मसभा में संघस्थ मुनि क्षमानन्दी जी महाराज मुनि निर्भयनन्दी जी महाराज व मुनि उत्कृष्ट नन्दी जी महाराज भी मौजुद रहे। समारोह में प्रथम कलश सम्यक दर्शन स्थापना का सौभाग्य हुकुम चन्द पारसचंद, संजय कुमार जैन रामथला केकड़ी को मिला। समारोह में अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल ने आचार्य संघ का आर्शिवाद प्राप्त किया। साथ ही अग्रवाल सेवा सदन के आसपास पेयजल की समस्या के समाधान की ओर ध्यान दिलाते हुए बंसल ने कहा कि इस बाबत जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से मुलाकात कर समस्या समाधान के समाज की मांग पर टंकी निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। समारोह के दौरान सभी धार्मिक क्रियाऐं प्रतिष्ठाचार्य मनोज जैन बागरोही मध्यप्रदेश की देखरेख में सम्पन्न हुई। अग्रवाल समाज चौरासी द्वारा अतिथि के रूप में मोजुद जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल का स्वागत सम्मान किया गया।



# नि:शुल्क पौधो के साथ आकर्षक टी शर्ट पाकर ग्रामीण हुए खुश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** बी.एल. देशमां चेरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक एवं भामाशाह बी.एल. चौधरी देशमा द्वारा मालपुरा क्षैत्र में शुरू किए गए सघन एवं महा पौधा वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधो के साथ वितरित की जा रही आकर्षक टी शर्ट पाकर ग्रामीण बेहद खुश नजर आ रहे हैं।

भामाशाह बी.एल. चौधरी देशमा द्वारा मालपुरा क्षैत्र के बिगड़े पर्यावरण संतुलन को पटरी पर लाने, आम जन को पौधो के महत्व को समझाने के लिए महापौधारोपण वितरण अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान को शुरू हुए लगभग बीस दिन से अधिक का समय हो चुका हैं। इस अवधि के दौरानल बी.एल. चौधरी की कई टीमे लगातार गांव ढाणियो में पहुंच कर पौधे वितरण कर पौधो को लगाने एवं लगाए पौधो के बड़े होने तक सरंक्षण प्रदान करने का संकल्प दिलाकर पौधो के साथ आकर्षक सफेद कलर की एक टी शर्ट भी दी जा रही है। ग्रामीण पौधो के साथ टी शर्ट पाकर काफी खुश नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को अम्बापुरा, टोरड़ी क्षैत्र के सरकारी व नीजि विद्यालयो, आंगनबाड़ी केन्द्रो, उप स्वास्थ्य केन्द्रो सहित अन्य सार्वजनिक स्थानो पर पोधे लगाने के लिए पोधे वितरित किए गए। बी.एल. देशमां चेरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक एवं भामाशाह बी.एल. चौधरी ने बताया कि उनका मालपुरा क्षैत्र में एक लाख पौधे वितरित कर इनको लगवाने व बड़ा होने तक सरंक्षण प्रदान करने के लिए ग्रामीणो को प्रेरित करने का उद्धेश्य लेकर महाअभियान शुरू किया गया था। एक भेंट में उन्होंने बताया कि उनके पास पौधो की कोई नहीं है मांग के अनुसार पोधे वितरित किए जा रहे है। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि इस अभियान के दोरान जहां भी पौधे वितरित किए जा रहे हैं ये लग कर बड़े होने चाहिए जिसके लिए ग्रामीणो का सहयोग अपेक्षित है।

# मॉडल स्कूल, टोडारायसिंह में प्राईमरी विंग की कक्षाएं शुरू, मंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग रहे मौजूद, प्रधानाचार्य निपुण सक्सेना ने जताया आभार





बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, टोडारायसिंह के प्राईमरी विंग का शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने वर्चुअल उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में स्कूल प्रांगण में विधिवत पूजा-हवन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य निपुण सक्सेना ने की। उन्होंने बताया कि इस मौके पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलकियां भी प्रस्तुत की। निपुण सक्सेना ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका चैयरमेन संत कुमार जैन थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक पुरूषोत्तम शर्मा, श्रीमती विभा शर्मा, दुर्गाप्रसाद गौड़, बजरंगलाल चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ने बताया कि साहित्य मंच, टोडारायसिंह से शिवराज कुर्मी, राजेन्द्र विजयवर्गीय तथा आशीष विजय भी उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य निपुण सक्सेना ने बताया कि प्राइमरी विंग (कक्षा 1 से कक्षा 5) का भवन पांच साल से तैयार पड़ा था। इसमें कक्षाएं शुरू होने से सीबीएसइ से अंग्रेजी माध्यम के इस विद्यालय से टोडारायसिंह ब्लॉक के विद्यार्थी और उनके अभिभावक लाभान्वित होंगे। उन्होंने प्राइमरी विंग की कक्षाएं शुरू करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, केबिनेट मंत्री कन्हैलाल चौधरी का आभार जताया।

## आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का विज्ञा तीर्थ गुन्सी में हुआ मंगल प्रवेश, मंगल आगमन पर दूरदराज से उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/गुंसी( नि.स. )।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में मंगलवार को आर्यिका विज्ञाश्री माताजी संघ का सहस्त्र कूट जिनालय विज्ञा तीर्थ गुन्सी में गाजे-बाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। आर्यिका माताजी के सहस्त्र कूट मंदिर गुन्सी मे मंगल पदार्पण को लेकर सैकड़ों श्रद्धालुओं का सैलाब बेंडबाजो के साथ नाचते गाते हुए जुलूस रवाना हुआ।

जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के मंगल प्रवेश का जुलूस गुन्सी गांव से रवाना होकर विज्ञा तीर्थ क्षेत्र पहुंचे जहाँ आर्यिकाश्री ने मूलनायक भगवान शांतिनाथ के दर्शन किए। आर्यिका संघ का क्षेत्र पर पहुंचने पर कमेटी द्वारा पादप्रक्षालन करके अगुवानी की। जुलूस में कमेटी एवं महिला मण्डलों द्वारा रंगोलियां करके पुष्पवृष्टि की गई। इसके बाद जुलूस धर्म सभा में विसर्जित हुआ जहां गणाचार्य विराग सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन महावीरप्रसाद पराणा, नरेश बनेठा, हेमंत जैन, महावीरप्रसाद छाबड़ा, निवाई चार्तुमास कमेठी अध्यक्ष सुनील भाणजा एवं विजय गंगवाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं मंगलाचरण संगीतकार जितेन्द्र जैन जयपुर, संगीतकार अजीत काला, गायक विमल जौंला एवं महिला मण्डल सहित नन्हे मुन्ने बच्चों ने किया। मंगल प्रवेश कार्यक्रम में आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का पादप्रक्षालन करने का सौभाग्य सीमा जैन, शकुंतला छाबड़ा, सुनीता बड़ागांव, शशी सोगानी, पिंकी कठमाणा, यामिनी छाबड़ा, अनिता गोयल, सुनीता दहलोद, रितु चंवरिया व बबीता जैन सहित चाकसू एवं जयपुर की महिलाओं एवं पुरुषों को सौभाग्य प्राप्त हुआ।

जौंला ने बताया कि श्रद्धालुओं ने सहस्त्र कूट जिनालय मंदिर में गुरु भक्ति के साथ आरती की।

कार्यक्रम का संचालन पण्डित विमल बनेठा ने किया। इस दौरान आर्यिकाश्री के साथ पद विहार में चलने वाले एवं व्यवस्था संभालने वाले संधपति श्रावको का कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुनील भाणजा, हितेश छाबड़ा, विमल सोगानी, महेश मोठूका, संजय सोगानी व तरुण जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## महिलाओं के हित में है बजट : डॉ अर्चना

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. )।** टोंक इनरव्हील क्लब न्यू जेन की अध्यक्ष डॉ अर्चना ने केंद्रीय बजट को महिलाओं के लिए हितकारी बताते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रगट किया है। डॉ अर्चना ने कहा की महिलाओं और बालिकाओं के लिए तीन लाख करोड़ रूपए की जो योजनाएं घोषित की गई है, उससे देश की बाजार अर्थ-व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। डॉ अर्चना ने कहा की सरकार ने चार वर्ष तक ईपीएफओ कॉन्स्टिट्यूशन संबंधी जो घोषणा की है, उससे तीस लाख से अधिक युवाओं को फायदा होगा। उन्होंने कहा की भारतीय आयकर अधिनियम की समीक्षा की बात महत्वपूर्ण है, इसमें बड़े पैमाने पर संशोधन की जरूरत है।

## फर्जी पट्टे के मामले में ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड की पचेवर ग्राम पंचायत के तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी द्वारा सरकारी विभागो की भूमि पर पट्टे जारी करने के मामले को लेकर ग्रामीणो की ओर से पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है। मामले के अनुसार पचेवर ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच कैलाशी देवी, वार्ड पंच रवि टेलर, गणेश टेलर, अरविन्द जैन, अरूण जैन, शंकर जलाधंरा, शिवराज जाट, जीतू जाट, हंसराज सैनी, यादराम दगोलिया, रामबाबू जांगिड़, प्रधान चौधरी सहित अन्य ग्रामीणो का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पुलिस थाना पचेवर पहुंच कर एक रिपोर्ट् दी। रिपोर्ट के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीण अरविन्द जैन ने बताया कि ग्राम पंचायत के तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी मोहम्मद हनीफ द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग, जलदाय विभाग की सरकारी भूमि में से भू माफियाओं से मिलकर फर्जी तरीके से पट्टे जारी कर दिए। इन फर्जी को लेकर ग्रामीणो में भारी आक्रोश व्याप्त था। जैन ने बताया कि फर्जी पट्टो को लेकर तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी मोहम्मद हनीफ के विरूद्ध मामला दर्ज कराया गया है। साथ ग्रामीणो की ओर से चेतावनी दी गई है कि फर्जी पट्टे जारी करने के मामले में जांच के बाद सामने आए दोषियो के विरूद्ध जल्द कड़ी कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में ग्रामीणो द्वारा उग्र आन्दोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## सूर्य घर योजना को लेकर आज से लगेंगे शिविर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** जयपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता क्षेत्र में स्थित जीएसएस पर सूर्य घर योजना में सोलर प्लांट लगवाने के लिए बुधवार से सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जयपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता अ प्रथम कैलाशचन्द माली ने बताया कि बुधवार को झिलाय व निवाई अहिंसा सर्किल पर, 25 जुलाई को गांव नोहटा व निवाई अहिंसा सर्किल पर, 26 को सिरस व अहिंसा सर्किल निवाई तथा 27 जुलाई को बडागांव व पहाडी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रभारी अधिकारी क्षैत्रीय कनिष्ट अभियंता रहेंगे। शिविर के दौरान प्रभारी अधिकारी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना के बारे में अवगत करवाते हुए उन्हे इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करेंगे।

# पाटनबाड़ी उन्नत नस्ल के मेढ़े पशुपालको को किए वितरित

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर जी फार्मर फर्स्ट परियोजना के निकटवर्ती ग्राम सोड़ा के चार भेड़पालको को पाटनबाड़ी उन्नत नस्ल के मेढ़ो का वितरण किया गया।

मंगलवार को आयोजित वितरण समारोह के बारे में जानकारी देते हुए संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. अमरसिंह मीणा ने बताया कि संस्थान द्वारा रामकरण गुर्जर, रामनारायण गुर्जर, श्रीराम गुर्जर एवं हरिराम गुर्जर को संस्थान के सेक्टर 15 द्वारा संचालित पाटनबाड़ी भेड़ परियोजना में नस्ल सुधार को लेकर मेढ़ो का वितरण किया गया। इस मोके पर संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने कहा कि पशुपालको को खेती के साथ साथ कम खर्चे पर पलने वाले उन्नत नस्ल के पशुओं को पालना चाहिए। इन पशुओं से आय प्राप्त कर अपने जीवन स्तर में सुधार के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किसानो की आय दोगुनी करने की सोच को साकार करना चाहिए। इस मौके पर फार्मर फर्स्ट परियोजना पीआई डॉ. सत्यवीर सिंह डांगी, डॉ. रणजीत गोदारा, डॉ. पी.के. मलिक, डॉ. एस.के. थिरूमरान ने भी विचार प्रकट किए।

## बारिश व तेज हवा से नीम का पेड़ टूटकर एक मकान पर गिरा, दो दर्जन से अधिक पट्टियां टूटी

बढ़ता राजस्थान



**दतवास ( नि.स. )।** गांव दतवास में बारिश व तेज हवा से नीम का एक पेड़ टूटकर एक मकान पर गिर गया जिससे मकान पर लगी हुई दो दर्जन से अधिक पट्टियां टूटकर गिर गई। पट्टियां टूटकर गिर जाने से रसोई का सारा सामान खराब हो गया। मकान मालिक पीड़ित प्रहलाद सैन ने बताया कि गत दिवस क्षेत्र में हवा के साथ तेज बरसात हुई जिससे मकान के बाहर लगे हुए नीम के पेड़ का एक हिस्सा टूटकर मकान पर गिर गया। इससे मकान पर लगी हुई पत्थर की करीब 25 पट्टियां टूटकर गिर गई। हालांकि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलने पर सरपंच मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। सरपंच और ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की है।

## पुलिस लाठीभाटा जंग मामले में नामजद मामले दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड के सिंधोलिया माताजी मन्दिर के पास खनन कार्य को लेकर हुए उपद्रव व लाठीभाटा जंग मामले में दोनो पक्षो की ओर से लाम्बाहरिसिंह पुलिस थाने में मामले दर्ज करवाए गए हैं। लाम्बाहरिसिंह थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने 125 जनो के विरूद्ध राजकार्य में बाधा डालने, जानलेवा हमला करने जैसी संगीन धाराओ में मामले दर्ज किए गए है। दूसरी तरफ सिंधोलिया के ग्रामीणो की ओर से 10 माइंस कर्मियों विरूद्ध महिलाओं से अभद्रता करने व मारपीट करने तथा माईंस कार्मिको की ओर से तोड़फोड़ व लूटपाट के मामले दर्ज करवाए गए हैं। पुलिस ने सभी मामले दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया है।

## चौदह वर्षीय किशोर ने की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा के व्यास सर्किल से सदरपुरा की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर तहसीलदार आवास के पास रहने वाले एक चौदह वर्षीय किशोर ने आत्महत्या कर ली। मामले के अनुसार किशोर हितेश कुमार प्रजापत अपने घर में ही मृतक अवस्था में मिला। मृतक के पास एक पत्र भी मिला। जिसमें लिखा था कि वह अपने मम्मी पापा से बेहद प्यार व स्नेह करता है। साथ ही ईश्वर से यही कामना करता है कि वह अगले जन्म में भी इसी परिवार में जन्म लें।

# पिताजी के आदर्शों पर चलकर ग्रामीण क्षेत्र की अंतिम लाइन में बैठे व्यक्ति की सेवा करना है मेरा उद्देश्य : प्रशांत बैरवा

पूर्व सांसद द्वारकाप्रसाद बैरवा की पुण्यतिथि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** पूर्व सांसद द्वारकाप्रसाद बैरवा की 11 वीं पुण्यतिथि पर ललवाडी चौराहे पर स्थित पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा के फार्म हाउस पर मंगलवार को सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में स्वर्गीय द्वारकाप्रसाद बैरवा के पुत्र पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि मेने मेरे पिताजी स्वर्गीय द्वारकाप्रसाद बैरवा एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय बनवारीलाल बैरवा को आदर्श माना है।

उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी जनता के सुख दुख में हमेशा खडे रहते थे। क्षेत्र की जनता ने अपना आशीर्वाद देकर पिताजी द्वारकाप्रसाद बैरवा को सांसद, विधायक, जिला प्रमुख एवं कृषि उपजमंडी के अध्यक्ष सहित कई ऊंचे पदों पर आगे बढाया था। आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता पिताजी के आदर्श पर चलते हैं। क्षेत्र की जनता उन्हें विकास पुरुष कहती थी। मेने भी अपने पिताजी के आदर्शों पर चलना सीखा है। और उनके अधूरे कार्यो को पूरा करने का प्रयास किया है। इस दौरान पंडित रामकल्याण शास्त्री के सानिध्य में पूजा-अर्चना करवाई गई। मंगलवार को जिलेभर में कई जगह कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व सांसद स्व. द्वारकाप्रसाद बैरवा की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

# राज्यपाल मिश्र की अध्यक्षता में रेडक्रॉस, जनजातीय विकास तथा विश्वविद्यालयों से जुड़ी समस्याओं की विशेष समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर/धौलपुर, (राजू शर्मा)।** राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेश की जिला रेडक्रॉस शाखाओं से रक्तदान शिविरों के साथकृसाथ अंगदान, देहदान और नशा मुक्ति के लिए भी विशेष कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतगत रेडक्रॉस सोसायटी सदस्यों द्वारा निक्षय मित्र बनाकर राजस्थान को टीबी मुक्त किए जाने पर भी जोर दिया है। जनजाति क्षेत्रों में रेडक्रॉस गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता जताते हुए उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक कार्य हों। राज्यपाल ने जिला कलेक्टरों से प्रदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा यूनिवर्सिटी सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत गांव गोद लेकर उनके विकास के किए जा रहे कार्यों में सहभागी बनने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि गांव गोद लेकर विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों का जिला कलक्टर स्तर पर समयबद्ध प्रगति रिपोर्ट दी जाए। इससे ग्रामीणों को उनकी भागीदारी से विकास योजनाओं का प्रभावी लाभ मिल सकेगा। उन्होंने जिला कलक्टर स्तर पर राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों की भूमि, भवन और अन्य स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए भी समुचित कार्यवाही किए जाने पर जोर दिया। मिश्र मंगलवार को राजभवन में आयोजित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, जनजातीय क्षेत्र विकास तथा विश्वविद्यालय से जुड़े स्थानीय मुद्दों की विशेष समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में राज्य के सभी संभागीय आयुक्त और सभी 50 जिलों के जिला कलक्टर ऑनलाइन सम्मिलित हुए। राज्यपाल ने जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि जिन जिला रेडक्रॉस शाखाओं के पास भवन या भूखंड नहीं है, वहां इसके लिए त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने जिला शाखाओं में रेडक्रॉस सोसायटी के न्यूनतम पांच सौ आजीवन सदस्य बनाने, जिलों में एनीमिया नियंत्रण, सिलोकोसिस नियंत्रण और अन्य आवश्यकताओं के लिए सीएसआर में प्रस्ताव बनाकर प्रभावी कार्यवाही करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कुष्ठरोग मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत इस रोग के उन्मूलन के लिए भी जिलों में विशेष कार्य किए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कुष्ठरोग उन्मूलन के साथ रोगियों के पुनर्वास हेतु भी मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में जिला कलेक्टरों ने बताया कि राज्य में 33 जिलों के अलावा 14 और जिलों में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन कर लिया गया है। शेष 3 जिलों में भी एक सप्ताह में इस संबंध में कार्यवाही कर ली जाएगी। इसके साथ ही अब राज्य के सभी जिलों में रेडक्रॉस शाखाओं का गठन सुनिश्चित हो सकेगा। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार, जनजाति विकास विभाग के सचिव श्री जोगाराम, स्वास्थ्य मिशन के राज्य निदेशक डा. जितेंद्र सोनी ने भी विचार रखे। बैठक में विश्वविद्यालयों के कुलपति, राज्य के संभागीय आयुक्त और सभी जिला कलेक्टरों ने ऑनलाइन जुड़कर बैठक में संबंधित विषयों पर जानकारी दी।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

### निर्धारित समय अवधि में संकेतको की प्रगति करे सुनिश्चित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** नीति आयोग भारत सरकार के निर्देशानुसार देश के समस्त आशान्वित जिलो तथा आशान्वित ब्लॉक्स में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक सम्पूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। जिला एवं आशान्वित ब्लॉक बसेडी में सम्पूर्णता अभियान का शुभारम्भ भी विगत 5 जुलाई को किया जा चुका है। नीति आयोग द्वारा इस अभियान के अन्तर्गत 6-6 संकेतको को सितम्बर माह तक सेचुरेट किये जाने के निर्देश प्राप्त हुये है। इसी क्रम में नीति आयोग एवं आयोजना विभाग के निर्देश पर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं राजीविका के संकेतको की प्रगति की समीक्षा करते हुये अतिरिक्त जिला कलक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को चिकित्सा विभाग से संबंधित संकेतको को निर्धारित समयावधि में सेचुरेट करने के निर्देश दिए। साथ ही मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के मरीजो की स्क्रीनिग कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होनें कहा की आशा, एएनएम को डोर टू डोर जाकर स्क्रीनिग कार्य की गति बढ़ाने हेतु निर्देशित करें। बैठक में उपस्थित समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को गर्भवती महिलाओं को तीन माह में शत प्रतिशत एएनसी पंजीयन करने तथा शत प्रतिशत टीकाकरण कार्य किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। बाल विकास परियोजना अधिकारी बसेडी को निर्देश देते हुए कहा कि कि समस्त गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषाहार का वितरण समय पर कराया जाना सुनिश्चित करें तथा पोषण ट्रेकर पर प्रविष्टि दर्ज करावें। आशान्वित ब्लॉक बसेडी के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि आशान्वित ब्लॉक के संकेतको को आवश्यक रूप से सेचुरेट किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उप खण्ड अधिकारी, बसेडी दिनेश चन्द्र शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ.जयन्ती लाल मीणा, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.चेतराम मीणा, मुख्य आयोजना अधिकारी भरत राव,सांख्यिकी अधिकारी मनोज कुमार सिंघल,एबी फैलो बसेडी अंकिता भूपारिया, सहित अन्य अधिकारी तथा पीरामल फाउण्डेशन की टीम उपस्थित रही।

## 100 दिवसीय संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित 100 दिवसीय संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजत किये जा रहे महिला केंद्रित विधान सप्ताह के तहत मंगलवार को पुरानी तहसील सैपऊ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके साथ ही महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र सैंपऊ की वार्षिक कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण समूहों, एसएचजी, बीओ इत्यादि की महिलाएं उपस्थित हुई। मुख्यातिथि सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग विश्व देव पांडेय द्वारा महिलाओं को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम में वर्णित महिला केंद्रित प्रावधानों, आईएम शक्ति उद्यम प्रोत्साहन ऋण योजना, शिक्षा सेतु योजना, वर्क फ्रॉम होम योजना की जानकारी दी और अधिकाधिक महिलाओं को लाभान्वित कराने की अपील की। जेंडर स्पेशलिस्ट कनुप्रिया कौशिक द्वारा महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 और वनस्टॉप सेंटर के बारे में बताया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की ब्रांड एम्बेसडर सीएलएफ अध्यक्ष पार्वती कुशवाहा द्वारा उनके द्वारा राजीविका के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक उत्थान के लिये किये जा रहे प्रयासो पर प्रकाश डाला। थानाधिकारी सैपऊ गम्भीर सिंह एसआई द्वारा महिलाओं को दहेज प्रताड़ना, सहित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरन्त थाने आकर बताने एवं उस पर तत्काल गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। काउंसलर फराह एवं संजू द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की कार्यप्रणाली, अधिकारिता इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर ही थानाधिकारी द्वारा एक महिला की शिकायत पर कार्यवाही भी की गई।

## तुलसी वन मोक्ष धाम में पौधारोपण जीवन का अंतिम सत्य मोक्ष धाम



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर (नि.स.)।** विक्षिप्त,असहाय, पीड़ित, लावारिस मानव सेवा में कार्य करने वाली संस्था अपना घर सेवा समिति बाड़ी की ओर से बाड़ी शहर के नजदीक तुलसी वन मोक्ष धाम में पौधारोपण किया गया समिति के सचिव भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कि तुलसी वन मोक्ष धाम में बाड़ी शहर के आमतौर पर लोगों का दाह संस्कार होता है, एवं अपना घर सेवा समिति बाड़ी लावारिस डेड बॉडी जिनका दुनिया में कोई नहीं होता उनका अंतिम संस्कार स्वयं अपने खर्चे से करती आ रही है मोक्ष धाम में टीन सेट एवं बरामदा,बेंच पर बैठने की व्यवस्था है लेकिन फिर भी हरियाली मैं बैठने को देखते हुए कुछ छायादार पौधे यथा नीम, पाखर, करेंज,पौधे लगाए गए उसके साथ-साथ अशोक एवं कदंब के पौधे भी लगाए गए समिति के संरक्षक विष्णु महेरे ने कहा कि पौधे प्रकृति का श्रृंगार है हमें हर व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए , पौधारोपण में तुलसी वन मोक्ष धाम समिति के अध्यक्ष मनोज मोदी, सचिव गोपाल दास गर्ग उमरेह वालों ने सहयोग किया सभी सदस्यों द्वारा गड्ढे खोदकर पौधे लगाए पानी दिया एवं उनको संरक्षित कर, पाल पोषण कर बड़ा करने का प्रण लिया।

इस मौके पर समिति संरक्षक विष्णु महेरे, गोपाल दास गर्ग, अध्यक्ष मुनीष बंसल, सचिव भुवनेश्वर शर्मा ,नीरज गौड, रामनिवास अग्रवंशी, कपिल गर्ग ,हरिओम अग्रवाल , सोनेराम, राजू दिवाकर मौजूद रहे ।

## उमस भरी गर्मी से आमजन का जीना बेहाल

### अस्पताल में मरीजों का लोड बढ़ा, एक बेड पर तीन-तीन बच्चों को उपचार देने पर अस्पताल प्रशासन मजबूर

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)।** पिछले एक पखवाड़े से क्षेत्र में पड़ रही उमस भरी गर्मी से जहां आमजन का जीना बेहाल है। वही शहर के सामान्य अस्पताल में मरीजों का लोड बढ़ा है। छोटे बच्चे और बड़े बुजुर्ग इस दौरान सबसे अधिक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में अस्पताल में जहां मरीजों के लिए बेड कम पड़ रहे हैं वहीं छोटे बच्चों के हालात यह हैं एक-एक बेड पर तीन-तीन बच्चों को उपचार देने पर अस्पताल प्रशासन को मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसे में अस्पताल के पीएमओ ने छोटे बच्चों को लेकर एडवाइजरी जारी की है और सभी पेरेंट्स को सलाह दी है कि वह अपने 0 से पांच वर्ष तक के बच्चों का ख्याल रखें। यदि वे उल्टी दस्त का शिकार होते हैं तो तुरंत अस्पताल लाये जिससे उनमे पानी की कमी नही हो। पिछले एक पखबाड़े से उमस भरी गर्मी के यह हालात है कि तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है और हवा में पानी की आद्रता बढ़ती जा रही है। इससे उमस बन रही है।

कूलर में पानी चलाने से यह उमस अधिक होती जा रही है। जो हवा नही होने पर दमघोटु वातावरण पैदा करती है। ऐसे में अस्पताल के चिकित्सक डॉ विवेक अग्रवाल ने सलाह दी है कि घरों में कूलर में पानी का उपयोग नहीं करें। वहीं पंखे की हवा ही इस दौरान पर्याप्त है। बासी और दूषित भोजन से बचें। पके और तले हुए खाने से परहेज करें। खासकर छोटे बच्चों को ऐसा भोजन नही खिलाए जो उन्हें इंफेक्शन पैदा करें।

### अस्पताल में एक दिन में 300 मरीज भर्ती

सामान्य अस्पताल वैसे तो 200 बेड का है लेकिन यहां बेडो की संख्या डेढ़ सौ के करीब है। जिसमें से 30 बेड जच्चा वार्ड में है। उनको छोड़कर केवल 120 बेड ही अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध है। जिन पर 300 मरीजों को मंगलवार को भर्ती किया गया है। ऐसे में समस्या लगातार बढ़ रही है।

### उल्टी दस्त में तेजी से आ रही है पानी की कमी,बचाव जरूरी : पीएमओ मंगल

अस्पताल के पीएमओ डॉ हरकिशन मंगल का कहना है कि इस बार जो वायरस उल्टी-दस्त पैदा कर रहा है। उसमें विशेष बात यह है कि शरीर मे तेजी से पानी की कमी आ रही है। जो चिंताजनक है। ऐसे में उपचार के दौरान शरीर को पानी की पर्याप्त जरूरत के लिए ड्रिप लगाना जरूरी है। इसीलिए सलाह दी है कि छोटे बच्चों का उल्टी-दस्त में विशेष ध्यान रखें और पानी की कमी नहीं होने दे।

### उमस से राहत के लिए तेज बारिश जरूरी

उमस भरी गर्मी से राहत के लिए अब तेज बारिश और अच्छी बारिश की जरूरत है । जिसके लिए मानसून का एक्टिव होना जरूरी है। हालांकि मौसम विभाग लगातार मानसूनी बारिश की भविष्यवाणी कर रहा है लेकिन क्षेत्र में बारिश पिछले एक पखवाड़े से नहीं हुई। इसीलिए यह हालात पैदा हुए हैं।

## पीला पंजा चलाकर नगर पालिका की सवा बीघा भूमि अतिक्रमण मुक्त की

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)।** शहर के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए नगर पालिका द्वारा करीब सवा बीघा भूमि को शहर के लाहोरिया पूरा रोड स्थित नाले के पास से अतिक्रमण मुक्त कराया है। पुलिस और प्रशासन के सहयोग से यह कार्रवाई की है। जिसमें पीला पंजा चलाकर करीब सवा बीघा भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई है। इस भूमि पर शहर के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को बनाया जाएगा। जहां एकत्रित सीवरेज को परिशोधित कर ठोस अपशिष्ट और गंदे पानी को फिल्टर कर फिर से काम में लिया जाएगा। ऐसे में मौका मजिस्ट्रेट तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां के नेतृत्व में कार्रवाई हुई है। जिसमें नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रविंद्र सिंह के साथ पुलिस का जाप्ता मौजूद रहा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में सीवरेज का काम चल रहा है। सीवेज लाइन डालने के प्रथम फेज के काम में सीवरेज का ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाना है। जिसको लेकर नगर पालिका की भूमि की काफी दिनों से तलाश की जा रही थी। कई जगह प्लांट को लगाने का प्रयास भी किया लेकिन वहां उचित भूमि नहीं मिल सकी। ऐसे में बरसों से अतिक्रमण का शिकार शहर के अंदाना पैलेस के बगल से निकलने वाले लाहोरिया पुरा गांव को जाने वाले रास्ते पर नगर पालिका की बेशकीमती भूमि जो अतिक्रमण का शिकार थी। उसे अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अधिकारियों से निवेदन किया। एसडीएम राधेश्याम मीणा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई के लिए तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां को मौका मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। जिनके नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के सहयोग से यह कार्रवाई की है और जेसीबी के सहयोग से करीब .3162 हेक्टेयर भूमि जो आईजी खसरा नंबर 4989 पर स्थित है को अतिक्रमण मुक्त कराया है। और यहां तुरंत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम शुरू करा दिया है।

**20 करोड़ की लागत से चल रहा है प्रथम फेज का काम :** जेईएन दीपक गोयल ने बताया कि सीवरेज को लेकर बाड़ी शहर के 45 वार्डों में प्रथम फेज के लिए 20 करोड रुपये की लागत से पाइप लाइन के साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जाना है। जिसके लिए उक्त भूमि पर काम शुरू कर दिया गया है।

## शीतल मीणा का एनएमएमएस छात्रवृत्ति योजना में चयन होने पर किया सम्मान, पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (नि.स.)।** निकटवर्ती पवानाअहीर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्रा शीतल मीणा पुत्री पूरणमल मीणा का नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप योजना में चयन होने पर सम्मान अभिनंदन किया गया। सरपंच पूरणमल खटीक के मुख्य आतिथ्य एवं पीईईओ प्राचार्य महेश चंद यादव की अध्यक्षता में छात्रा शीतल मीणा का इस उपलब्धि पर माल्यार्पण व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज मीणा पंसस प्रतिनिधि, देवेन्द्र यादव, बिहारी लाल आर्य, मुसद्दी लाल खटीक आदि ने बालकों को प्रोत्साहित किया। पीईईओ प्राचार्य महेश चंद यादव ने कहा कि इस योजना अन्तर्गत चार साल तक एक हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से कुल 48 हजार रूपए छात्रवृत्ति के रूप में मिलेंगे जिससे छात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में मदद मिलेगी। सरपंच पूरणमल खटीक, मनोज मीणा व देवेन्द्र यादव ने सभी को बधाई देते हुए अच्छी मेहनत कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

प्रधानाध्यापक गुरजीत सिंह व रतनलाल शर्मा अध्यापक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अच्छी मेहनत कराने का भरोसा दिलाया। प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से देश भर में एक लाख सरकारी स्कूली बच्चों को कक्षा आठवीं मेरिट के आधार पर चयनित किया जाता है। राजस्थान से पांच हजार बच्चों को यह सुविधा मिल सकेगी। इस दौरान छात्रा शीतल मीणा ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करने का संदेश दिया। पूरण मीणा पंच, रतनलाल शर्मा, अनीलयादव, गुलशन,ओमप्रकाश,शक्ति सिंह आदि उपस्थित रहे।

## 28 जुलाई से होगा कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** कांवड यात्रियों की सेवा शिविर को लेकर श्री बाबा भूतनाथ कांवड़ सेवा संघ पावटा के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बहरोड़ के पास जैतपुर बास में कांवड़ सेवा शिविर के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बाबा भूतनाथ कांवड़ सेवा संघ के वरिष्ठ सदस्य नीरज सैन ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष श्रावण मास में संघ के द्वारा कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए जैनपुरबास में विशाल कांवड़ शिविर का आयोजन किया जाता है। इस बार 28 जुलाई से 1 अगस्त तक जैनपुर बास स्थित निकुंज सिटी ग्रांड सफायरआर.बी.एल बैंक के पास नेशनल हाईवे पर विशाल सप्तम कांवड सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।शिविर का शुभारंभ 28 जुलाई रविवार को प्रात: श्री श्री 1008 श्री मंगलदास महाराज टोरडा धाम व मोहनदास महाराज जोहड़ा धाम पावटा,सेवादास महाराज भोमिया धाम, पावटा एवं श्री मोहनदास रामायणी गोपाल भैया मंदिर पावटा के कर कमलों द्वारा पूर्ण विधि विधान से ध्वज पूजन एवं भट्टी पूजन कर किया जायेगा। नीरज सैन ने बताया कि श्रावण मास में बडी संख्या में शिव भक्त भोले को जल चढाने के लिए दूर-दूर से कावड लाते है। शिव भक्तों को रास्ते में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो इस हेतु कावड़ यात्रियों की सेवा के लिए हर वर्ष बाबा भूतनाथ कांवड़ सेवा संघ के द्वारा सेवा शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर के आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौपी गई।

## मानव जाति की रक्षा के लिए रोटरी क्लब शौर्य और हैवेल्स इंडिया लिमिटेड ने किया 111 यूनिट रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रोटरी क्लब शौर्या और हैवेल्स इंडिया लिमिटेड ने मिलकर मंगलवार को हैवेल्स इंडिया लिमिटेड, एमआईए अलवर में एक सफल रक्तदान शिविर आयोजित किया। इस पहल में राजीव गांधी सामान्य अस्पताल की डॉ. मोनिका और रोटरी ब्लड बैंक की टीमों ने सक्रिय भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप 111 इकाइयाँ रक्त संग्रहित की गई।हम आभारी हैं श्री अजय शर्मा (साइट हेड), श्री संजीव बख्शी (साइट एचआर हेड), हेमंत फौजदार (संयुक्त महाप्रबंधक), मनोज कुमार (एजीएम), शक्ति सिंह नरूका (उप-महाप्रबंधक), सौम्या शुक्ला (प्रतिभा अधिग्रहण प्रमुख), दीपांशी बटवारा, ईशा सैनी, और निकिता शर्मा से एचआर टीम का अमूल्य समर्थन के लिए जिन्होंने शिविर की सफलता में योगदान किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब अलवर शौर्य से सुनीता मित्तल (प्रेसिडेंट), स्वाति मित्तल (सहायक प्रांतपाल ),राखी शर्मा (इवेंट चेयर), शिल्पा अग्रवाल, नीतू गोगिया, पूजा कलानी, और रितु श्यामसुखा मौजूद रही।

## गुरु पूर्णिमा पर गुरुजी के पद प्रक्षालन कर लिया आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** 20 वी सदी के प्रथम आचार्य शांतिसागर जी महाराज साहब के 100 वे आचार्य पद दिवस एवं आचार्य दीक्षा नगर महाराष्ट्र के सांगली जिले के समडोली ग्राम में उनके नवम पट्टाचार्य आचार्य अनेकांत सागर जी महाराज का चातुर्मास कलश स्थापना एवं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अलवर से पवन जैन (चौधरी) ओर मधु जैन ने वहा शिरकत की ओर गुरु पूजन एवं पाद प्रक्छालन का पुण्य लाभ प्राप्त कर आशीर्वाद प्राप्त किया । यहां यह विदित है कि आचार्य अनेकांत सागर जी महाराज का वर्ष 2013 का चातुर्मास अलवर जैन समाज द्वारा कराया गया था जिसका कलश स्थापना का पुण्य लाभ भी पवन चौधरी परिवार ने ही लिया था और उस वक्त महाराज श्री के सानिध्य में अलवर के इतिहास में पहली बार ऐतिहासिक 5 गजरथ का जुलुस अलवर शहर में निकाला था जो कि जैन भवन स्कीम 10 से त्रिपोलिया तक गया था जिसे देखने जैन समाज के साथ अन्य समाज भी उमड़ पड़ा था ।

## बजट पर प्रतिक्रियाएं

### आम बजट गरीब और किसान विरोधी : प्रहलाद गुंजल



कोटा। वित्त मंत्री सीता निर्मलारमण द्वारा दिए गए आम बजट पर कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने कहा कि आम बजट गरीब जन विरोधी है। उन्होंने बजट को बेहद निराशा जनक बताते हुए कहा कि व्यापारी, मध्यम वर्ग, गरीब जन को किसी प्रकार की कोई राहत न देकर उनके ऊपर मंहगाई की मार का बोझ डाला गया है। गुंजल ने कहा कि जिनके समर्थन से मोदी सरकार चल रही है उनके राज्यो को फायदा मिला है वाकी राज्यो के साथ छलावा और कुठाराघात किया गया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, गैस के दामो में राहत नही होने से दैनिक चीजो पर मंहगाई की मार आमजन को झेलनी पड़ेगी दैनिक चीजो के ऊपर जीएसटी से कोई राहत नही दी गयी। किसानो, आमजन को झूठे सपने दिखाए गए है रेलवे किराए में कोई छूट नही दी। मोदी पिछले 10 वर्षो से जनता को झूठे सपने दिखाकर देश की जनता को गुमराह कर रहे है। चुनावो के दौरान आयकर सीमा में 10 लाख की छूट देने की बात हर चुनावो में करते है बजट में गुमराह करते है बजट में शिक्षित बेरोजगारों और आमजन को सपने दिखाने का मोदी सरकार का रहा है गरीबी रेखा से ऊपर उठने के लिए कोई योजना नही है। गुंजल ने आम बजट को उधोगपतियों को फायदा पहुँचाने वाला, जनता के साथ छलावा करने वाला, बेहद निराशा जनक बजट आमजन विरोधी लोभ लुभावना गुमराह करने वाला बजट बताया है।

### हुनर और रोजगार को बढ़ाने वाला युवा वर्ग को समर्पित बजट : अरविन्द सिसोदिया

भारतीय जनता पार्टी के मीडिया विभाग कोटा के संभागीय संयोजक अरविंद सिसोदिया ने बजट प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन सबका साथ–सबका विकास को समर्पित बजट स्वागत योग्य है। इस बजट में सभी नागरिक वर्गो का हितचिंतन किया गया है। यह बजट विशेष रूप से नौजवानों में स्किल डेवलपमेंट करने, उन्हें रोजगार परक बनाने और उनमें रोजगार करने की क्षमता भरने वाला है। यह बजट युवा वर्ग को समर्पित बजट कहा जाना ज्यादा सार्थक होगा। सिसोदिया नें कहा कि इस बजट में जहां आधारभूत क्षमताओं को विकसित करने के लिये पर्याप्त प्रावधान हैँ वहीं देश को विश्व की बड़ी आर्थिकशक्ति बनाने के लिये उत्पादन परकता पर काफी जोर दिया गया है। जिसका लाभ समाज में आयपरक रोजगारों में वृद्धि के रुप में मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोराना महामारी के बाद पूरा विश्व जहाँ आर्थिकरूप से टूटा है और अभी भी संघर्ष कर रहा है, वहीं भारत इससे ऊबर कर पूरी क्षमता से आगे बढ़ चुका है। यह भारत के आत्मविश्वास और क्षमता को गरिमा व शक्ति प्रदान करता है।

### पूर्ण रूप से विकास वाला बजट : जैफ खॉ मंसूरी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भारतीय जनता पार्टी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जैफ खाँ मंसूरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये पहले बजट का स्वागत करते हुए उसे पूर्ण रूप से विकास वाला बजट बताया। मंसूरी ने बताया कि बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। विकास के लिए कई घोषणाएं की गई हैं। जैफ खॉ मंसूरी ने बताया कि कैंसर की दवाईयों सस्ती की गई है। 7.75 लाख तक की आय को आयकर से मुक्त रखा गया है। यह बहुत लाभकारी स्कीम है। जिन्हें सरकारी योजनाओं के तहत कोई फायदा नहीं मिल रहा है संस्थानों में एडमिशन के लिए लोन मिलेगा। लोन का उन्हें देशभर के 3 परसेंट तक पैसा सरकार देगी। इसके लिए ई वाउचर्स लाए जाएंगे, जो हर साल एक लाख स्टूडेंट्स को मिलेंगे। 1 करोड़ युवाओं को 5 साल में स्किल्ड किया जाएगा। सरकार 500 टॉप कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप देगी। इंटर्नशिप के दौरान हजार रुपए हर महीने का स्टाचइपेंड मिलेगा। महिलाओं और लड़कियों के लिए लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान को मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम बताया। सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1 करोड घरों को 300 यूनिट तक हर महीने बिजली फ्री दी जायेगी। कुल मिलाकर सभी प्रकार की योजनाएं अच्छे भविष्य की योजनाएँ हैं। देश के विकास बाली योजनाएं है।

### फसल पर कीटनाशक छिड़कते किसान की मौत, साल भर पहले हुई थी शादी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** बूंदी जिले के रायथल थाना क्षेत्र में खेत में काम करते समय एक युवा किसान की मौत हो गई। किसान खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर रहा था। अचेत होने पर परिजन उसे इलाज के लिए कोटा एमबीएस हॉस्पिटल लाए, जहां उसकी मौत हो गई। रायथल थाना एएसआई आनन्दी लाल के अनुसार बकिसान शिवराज (22) रामपुरा का झोपड़ा का रहने वाला था। सालभर पहले उसकी शादी हुई थी। परिजनों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक के चाचा नंदकिशोर के अनुसार शिवराज दो भाइयों में बड़ा था। करीब एक साल पहले उसकी शादी की थी। उसके 2 बीघा जमीन है वो खेती करता था, ट्रैक्टर भी चलाता था। उसके खेत में उड़द की फसल लगा रखी थी। सोमवार शाम 5 बजे करीब शिवराज खेत पर गया था। फसल में कीटनाशक का छिड़काव कर रहा था। उसकी मां पानी भरने गई थी। कीटनाशक छिड़कते समय अचानक गिरकर बेहोश हो गया। आसपास के खेत में रिश्तेदार मौजूद थे। उन्होंने शिवराज को संभाला। उसे इलाज के लिए बूंदी हॉस्पिटल लेकर गए। बूंदी में डॉक्टरों ने चैक करने के बाद कोटा रेफर कर दिया। तड़के 3 बजे करीब उसकी मौत हो गई।

### निजी गौशाला में शिफ्ट होंगे गौवंश जगह की कमी के चलते लिया फैसला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** निगम की गौशाला से करीब 605 लावारिस गौवंश को जिले की निजी गौशालाओं में शिफ्ट किया जाएगा। नगर निगम की बंधा धर्मपुरा स्थित गौशाला व किशोरपुरा स्थित कायन हाउस में क्षमता से अधिक गौवंश है। जिससे उन्हें रखने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि निजी गौशालाओं में निगम गौशाला से गौवंश को शिफ्ट किया जाए। निगम की गौशाला में पूर्व में भी गौवंश की संख्या अधिक होने पर करीब 11 सौ गौवंश को निजी गौशालाओं में शिफ्ट किया गया था। जिले में 22 निजी गौशालाएं हैं। जिनमें वर्तमान में करीब 6705 गौवंश हैं जिनका संधारण किया जा रहा है। उन गौशालाओं में अलग–अलग गौवंश के हिसाब से 10 फीसदी गौवंश रखने के तहत 605 गौवंश को उन गौशालाओं में शिफ्ट किया जाएगा। पशु पालन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार किसी गौशाला में 371 तो किसी में 514, किसी में 108 तो किसी में 579 गौवंश है। 371 गौवंश वाली गौशाला को 35, 514 वाली को 45,108 वाली को 10 के हिसाब से गौवंश रखने के लिए दिए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री के नाम निंबाहेड़ा युवा कांग्रेस एवम् एन एस यू आई ने उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अत्यधिक बिजली कटौती से ग्रामीणों की समस्याओं से करवाया अवगत

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** निंबाहेड़ा में यहां युवा कांग्रेस एवम् एन एस यू आई के पदाधिकारियों ने सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री के नाम राज्य में हो रही अकारण अत्यधिक विद्युत कटौती को लेकर ज्ञापन सौंपा एवं इस अकारण बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्रवासियों की समस्याओं और उनकी नाराजगी से अवगत करवाया।

जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष एवं नगरपालिका पार्षद रविप्रकाश सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया गया है कि संपूर्ण राजस्थान में ग्रामीण क्षेत्रों में अकारण एवं असामयिक विद्युत कटौती की जा रही है जिससे ग्रामीणजनों का जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। आपकी सरकार के कुप्रबंधन के कारण विद्युत उत्पादन इकाइयों में विद्युत उत्पादन आवश्यकता के अनुसार ना राजस्थान सरकार ग्रामीण क्षेत्र की जनता के साथ अनुचित व्यवहार कर रही है जो की अमानवीय तो है ही साथ ही शहरी एवं ग्रामीण नागरिकों में भेदभाव भी उत्पन्न करता है, क्योंकि सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र में कोई विद्युत कटौती नहीं की जाती है। शहरी क्षेत्र में लोड सेटिंग ना करते हुए शहरी क्षेत्र का भार भी ग्रामीण क्षेत्र पर डाला जा रहा जो पूरी तरह से अनुचित है। विद्युत विभाग द्वारा विशेष कर शाम 7.00 बजे से रात 2.00 बजे तक के बीच में ही विद्युत कटौती की जाती है जिससे ग्रामीण ना तो सपरिवार भोजन कर पा रहे हैं और ना ही चैन की नींद ले पा रहे हैं। अधिक जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना ने बताया कि हमने मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि हम युवा कांग्रेस एवं ह्स्ढ्ढ कार्यकर्ता आपसे निवेदन करते है कि आप अपनी सरकार के कुप्रबंधन को सुधारते हुए ग्रामीण क्षेत्र में की जा रही अनावश्यक एवं असामयिक विद्युत कटौती को खत्म करे। यदि आगामी 7 दिनों में सरकार ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कटौती में सुधार नहीं करती है तो युवा कांग्रेस एवं ह्स्ढ्ढ परिवार निम्बाहेड़ा के कार्यकर्ता उग्र विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर युवा कांग्रेस महासचिव यशपाल पूर्व प्रदेश एनएसयूआई महासचिव रामकिशन चौधरी, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत जाट, ब्लॉक एनएसयूआई अध्यक्ष विक्रम अहीर, पंचायत समिति सदस्य पिंकेश जैन, युवा कांग्रेस नेता नितेश आंजना, किराना व्यापार संघ अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, चरणसिंह जाट, सुरेश मीणा, पुर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संजय उपाध्याय, विकास धाकड़, जुगल किशोर धाकड़, सरपंच गजेंद्र पालीवाल, बाबूलाल धाकड़, ईश्वरलाल मीणा, सरपंच प्रतिनिधि प्रहलाद गुर्जर, विक्रम आंजना, कालू आंजना, प्रदीप जाट, अभय बाफना, सत्यनारायण मेनारिया, सुनील जाट सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित सैकड़ो की संख्या में संपूर्ण निंबाहेड़ा छोटी सादड़ी विधानसभा क्षेत्र के युवक कांग्रेस एवं एन एस यू आई के पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के विकसित भारत के मिशन को पूरा करेगा केन्द्रीय बजट : छगन माहुर

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( का.स. )।** पूर्व प्रदेश मंत्री व झालावाड प्रभारी छगन माहुर ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 2024 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के मिशन को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि पहली नौकरी में एक लाख रुपए सालाना से कम सैलेरी होने पर 15 हजार रुपए की मदद और शिक्षा ऋण में छूट से युवाओं का भविष्य संवरेगा। वहीं पांच राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड मुद्रा लोन की रकम 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए एवं 500 टॉप कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप से काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ये बजट आधुनिक भारत के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। इनकम टैक्स में छूट के साथ सरकारी कर्मियों को भी तोहफा दिया गया है। उन्होने कहा कि यह बजट महिला, युवा, गरीब, किसान के हित को सामने रखकर प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता दोहराता हुआ बजट है। इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। युवाओं, महिलाओं और नौकरीपेशा लोगों के लिए सरकार ने कई घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया हैबिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए की गई घोषणाओं से पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। कौशल विकास और रोजगार सृजन की घोषणाएं ऐतिहासिक हैं। इस बजट में पीएम मोदी का विकसित भारत का सपना पूरी तरह से झलकता है।

माहुर ने कहा कि मेडिसिन और मेडिकल कैंसर पेशेंट को राहत देने के लिए 3 मेडिसिन पर पूरी तरह कस्टम ड्यूटी हटाई गई, एक्सरे ट्यूब पर भी ड्यूटी घटाई गई। इसके बाद देश में कैंसर की दवाएं सस्ती हो जाएंगी। माहुर ने इस ऐतिहासिक बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया।

### बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी और विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज : विधायक कृपलानी

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 3.0 कार्यकाल के पहले बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय बजट को अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला बताया है। उन्होंने बताया कि यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी और विकसित भारत–आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है।

विधायक कृपलानी ने कहा कि इस बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान सहित समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास का संकल्प, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दृष्टि और वंचित को वंचना से मुक्त कराने का रोडमैप है। मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान करते हुए प्रत्यक्ष कर प्रणाली के संबंध में नए प्रावधानों की घोषणा स्वागत योग्य है। विधायक कृपलानी सहित पूर्व विधायक अशोक नवलखा, प्रधान बगदीराम धाकड़, भाजपा नगर मंण्डल अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री एवं जिप सदस्य गब्बर सिंह अहीर, भाजपा पूर्वी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, कनेरा अध्यक्ष जुगल धाकड़, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष पारस पारख, सुरेश खेरोदिया, प्रदीप मोदी, मोतीलाल आहूजा, उमेश तोतला, पार्षद अविनाश गोठवाल, गजेंद्र सिंह, अतुल सोनी, जगदीश चंद्र माली, प्रेम बाहेती, सुधा सोनी, माया भाम्भी, कला देवी मालवीय, देवयंति शर्मा, संजू कुंवर, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़, महेंद्र जाखड़, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती शर्मा, भाजयुमो नगर अध्यक्ष कपिल शर्मा, एससी मोर्चा अध्यक्ष विजय बैरवा, ओबीसी मोर्चा लाला दशोरा, एसटी मोर्चा अध्यक्ष फतहलाल मीणा सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के इस बजट की सराहना करते हुए 'नए भारत' को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी और विश्व का ग्रोथ इंजन बनाने का मार्ग प्रशस्त करते इस लोक–कल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हृदय से आभार जताया।

### 31 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक हुई संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**बून्दी,( नि.स. )।** कृषि विज्ञान केंद्र पर केंद्र की 31 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष प्रो हरीश वर्मा ने विगत बैठक के सुझावों पर की गई कार्यवाही का अनुमोदन करवा कर जुलाई 2023 से जून, 2024 तक का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा वर्ष 2024–25 की वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा कर सुझाव मांगे। इस दौरान पशुपालन वैज्ञानिक डॉ घनश्याम मीणा एवं इंदिरा यादव उद्यान वैज्ञानिक ने अपने विषयों से संबंधित वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के निदेशक अनुसंधान प्रो प्रताप सिंह धाकड़ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. एस. के. जैन ने की।

निदेशक अनुसंधान प्रो प्रताप सिंह धाकड़ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र में पहले की अपेक्षा अधिक परिवर्तन हो रहे हैं और कृषकों को नवीनतम तकनीकी और जानकारियों से अवगत कराया जा रहा है। बून्दी जिले में धान का रकबा अधिक होने के कारण पानी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सीधी बुआई पद्धति को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित किया जाये। साथ ही कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र को जिला स्तरीय विभागों के साथ कृषक हित में मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।

### पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी

## रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ ने किया पौधारोपण




बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** वृक्षारोपण कार्य की श्रृंखला में रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया।

अग्रवाल ने बताया कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की आवश्यकता है। इस श्रृंखला में रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा एस एस गोविंदा स्कूल में 25 पौधे मय ट्री गार्ड लगाए गए एवं 30 पौधे बच्चों को वितरित किए गए और उन्हें संकंल्पित किया गया कि वह अपने घर और आस पास यह पौधे लगाए और इनकी देखभाल करें। ट्री गार्ड मंथन नागर की और से भेंट किए गए। असिस्टेंट गवर्नर आनंद खंडेलवाल ने बच्चों को पौधारोपण की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में बताया। क्लब सचिव गौरव सूद ने बताया कि क्लब अन्य स्थानों पर भी पौधारोपण कार्य करेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मंथन नागर, धर्मेश भटनागर, पल्लवी नागर, विनय अग्निहोत्री, हिमांशु रायजादा ने भाग लिया।

### चंबल नदी में कूदे युवक को स्थानीय निवासी व ट्रैफिक पुलिस ने बचाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** चंबल नदी की हाई लेवल पुलिया से मंगलवार को एक युवक नदी में कूद गया। युवक 100 फीट से ज्यादा ऊंचाई से कूदा हालांकि नीचे पानी होने के चलते वह बच गया। हालांकि यह चट्टानी हिस्सा होने के चलते उसे काफी चोटें आई हैं। युवक को भूपेंद्र गुर्जर व उसके साथी ने नाव के जरिये बाहर निकाला। ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह और कांस्टेबल अशोक ने उसे नाव से निकाल कर ऑटो के जरिए एमबीएस अस्पताल भेजा गया। पानी में कूदने वाले युवक का नाम मृदुल शर्मा है। वह गुलाबबाड़ी रामपुरा निवासी है।

### पूर्व यूडीएच मंत्री श्री श्रीचंद कृपलानी के जन्मदिन के अवसर पोधा रोपण किया



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** जन जन के लाड़ले और हम सब के लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व यूडीएच मंत्री श्री श्रीचंद कृपलानी के जन्मदिन के अवसर पर बिनोता पहाड़ी पर स्थित अम्बा माता जी मन्दिर परिसर में आशापाल व शीशम का पोधा लगाकर बिनोता के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पोधा रोपण किया गया। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह शक्तावत, प्रहलाद प्रजापत, परसराम कुमावत, गोविन्द कुमावत, विष्णु मीणा, चरत सिंह राजपूत, आशीष कुमावत, अंकुश पाराशर, अनिल नगरीया, पुष्कर कुमावत, राहुल कुमावत तथा मन्दिर के पुजारी नारायण गमेती उपस्थित रहे।

### बेकाबू बस ने मवेशियों को कुचला लोगों ने बस के कांच तोड़े

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** आरकेपुरम थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह रावतभाटा रोड पर दौलतगंज के पास बेकाबू रोडवेज बस ने गाय व भैंसों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में छह भैंसों व दो गायों की मौत हो गई जबकि एक बछड़ा घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार रोडवेज बस सड़क किनारे खड़ी गाय व भैंसों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस गाय भैंसों को कुचलते हुए निकल गई और बस के नीचे भैंस फंस जाने से आगे जाकर रूकी। घटना के बाद ग्रामीण एकत्र हो गए और मुआवजे की मांग करने लगे। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना जिस बस से हुई व अनुबंध पर रोडवेज डिपो में लगी हुई है।

### उपकारागृह नैनवा का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी,( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा द्वारा उपकारागृह नैनवा का निरीक्षण किया गया। उन्होने बताया कि कारागृह में विधिक सेवा क्लिनिक, टेलीफोन कक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा, बैरक, रसोईघर, मुलाकात कक्ष, डिस्पेंसरी, स्नानघर, शौचालय, पानी की व्यवस्था तथा मनोरंजन के साधनों का भी अवलोकन किया गया। साथ ही विचाराधीन बन्दीगण से मुलाकात कर उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर उपकारापाल उपकारागृह नैनवां मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

### पीएम आवास योजना में राशि स्वीकृत करने वाले ठगों से बचे : आयुक्त ममता नागर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** शहर के लोगों को पीएम आवास योजना में फॉर्म भरवाने एवं राशि स्वीकृत कराने के लिए पैसों की डिमांड कर आमजन को ठगे जाने की सूचना नगर परिषद टोंक को प्राप्त हुई है। नगर परिषद आयुक्त ममता नागर ने बताया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के कोई आवेदन नहीं लिए जा रहे है। केवल पूर्व में स्वीकृत आवासों को ही पूर्ण करवाने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त नागर ने बताया कि शहर के लोग पीएम आवास योजना से संबंधित राशि का लेन–देन नहीं करें।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# नीट परीक्षा दोबारा नहीं होगी : सुप्रीम कोर्ट

## पूरी परीक्षा में गड़बड़ी होने के पर्याप्त सबूत नहीं; आज से काउंसलिंग शुरू होगी

नई दिल्ली(बढ़ता राजस्थान)




पेपर लीक के आरोपों पर नीट-यूजी परीक्षा दोबारा आयोजित करने की मांग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाया। अपने आदेश में अदालत ने कहा कि प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से लीक होने का संकेत देने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ प्रश्न पत्र-लीक और अन्य कदाचार के आधार पर इस साल 5 मई को आयोजित एनईईटी-यूजी परीक्षा की दोबारा परीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि अदालत ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों और आईआईटी मद्रास की एक रिपोर्ट की जांच की थी, जिसमें बताया गया था कि बड़े पैमाने पर कोई पेपर लीक नहीं हुआ था। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस स्तर पर रिकॉर्ड पर ऐसी सामग्री का अभाव है जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि परीक्षा का परिणाम दूषित है या परीक्षा की पवित्रता का प्रणालीगत उल्लंघन हुआ है। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल, हम दागी छात्रों को बेदागी छात्रों से अलग कर सकते हैं। अगर जांच के दौरान दागियों की पहचान होती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई छात्र इस घोटाले में शामिल पाया जाता है तो उसे प्रवेश नहीं मिलेगा। हम पेपर लीक के ठोस सबूत के बिना दोबारा परीक्षा का फैसला नहीं दे सकते हैं। हो सकता है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो जांच के बाद पूरी तस्वीर ही बदल जाए। कोर्ट ने कहा कि हमें लगता है कि नए सिरे से नीट-यूजी का निर्देश देना गंभीर परिणामों से भरा होगा, जो परीक्षा में शामिल होने वाले 24 लाख से अधिक छात्रों के लिए और प्रवेश कार्यक्रम में व्यवधान पैदा करेगा। सुनवाई के दौरान, 711 अंक हासिल करने वाले याचिकाकर्ताओं ने परीक्षा में एक प्रश्न को चुनौती दी जिसमें अस्पष्ट विकल्प थे। याचिकाकर्ता के अनुसार, उक्त प्रश्न का विकल्प 4 अद्यतन एनसीईआरटी संस्करण के अनुसार सही उत्तर था। हालाँकि, विकल्प 2 चुनने वाले छात्रों को अनुग्रह अंक भी दिए गए क्योंकि यह एनसीईआरटी के पिछले संस्करणों के अनुसार सही था। विशेषज्ञों के एक पैनल ने सवाल की जांच की और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में एक रिपोर्ट पेश की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि समिति ने स्पष्ट रूप से कहा है कि केवल एक ही विकल्प था, जो विकल्प 4 है। इसलिए एनटीए अपनी उत्तर कुंजी में सही था जो कि विकल्प 4 था।

# राजस्थान के 4 जिलों में बारिश का अलर्ट

## बाड़मेर, भीलवाड़ा में 2 इंच से ज्यादा बरसात



जयपुर(बढ़ता राजस्थान)

राजस्थान में एक बार फिर मानसून की बारिश तेज हो गई है। सोमवार को जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, जालोर में अच्छी बारिश हुई। बाड़मेर, भीलवाड़ा में 2 इंच से ज्यादा पानी बरसा। चूरू में भी कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज चार जिलों में भारी बारिश का अलर्ट और तीन जिलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। आज कुल 30 जिलों में बारिश की संभावना है। राजस्थान में मानसून की अब तक बारिश सामान्य से 3 फीसदी कम हुई है।

### दो-तीन दिन बारिश की संभावना

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- एक लो प्रेशर सिस्टम अभी छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश के ऊपर बना हुआ है। मानसून की ट्रफ लाइन अजमेर, जैसलमेर से होकर गुजर रही है। इन दोनों सिस्टम की वजह से अगले दो-तीन दिन राजस्थान के इलाकों में कहीं-कहीं मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है।

157 एमएम बरसात हो चुकी है, जबकि 22 जुलाई तक औसत बारिश 161.4 एमएम होती है। पिछले 24 घंटे के दौरान भीलवाड़ा के हुरड़ा में 55 एमएम, बाड़मेर के रामसर में 50, अजमेर के बिजयनगर में 40, ब्यावर में 32, चूरू के सुजानगढ़ में 32, अलवर के नीमराणा में 25 और गोविंदगढ़ में 40 एमएम बरसात दर्ज हुई। जयपुर के भी कुछ इलाकों में बारिश हुई। 200 फीट अजमेर रोड, वैशाली नगर, सिरसी रोड के एरिया में तेज बारिश हुई। इससे सड़कों पर पानी भर गया।

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एनकाउंटर, 1 जवान घायल

## सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम की



जम्मू(एजेंसी)

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के पास बट्टाल सेक्टर में मंगलवार (23 जुलाई) सुबह करीब 3 बजे आर्मी-आतंकियों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें सेना का एक जवान घायल हो गया। सेना की ओर बताया गया कि कुछ आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे, जिसे नाकाम कर दिया गया। पुंछ के कृष्ण घाटी बेल्ट से कुछ आतंकी बट्टाल में घुसने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सेना के जवानों को आतंकियों के मूवमेंट की सूचना मिल गई थी। सेना ने तुरंत एक्शन लेते हुए उन्हें रोका। हालांकि, आतंकियों के घायल होने या मारे जाने की सूचना अभी नहीं मिली है। गोलीबारी में घायल हुए जवान को अस्पताल पहुंचाया गया है। पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली गई है। आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जम्मू में यह 24 घंटे में दूसरा हमला है। इससे पहले सोमवार को सुबह करीब 3 बजे राजौरी के घोंधा में आतंकियों ने शौर्य चक्र विजेता परशोत्तम कुमार के घर पर हमला किया था। जवाबी कार्रवाई में आर्मी ने एक आतंकी को मार गिराया था।

# पाली में पशु चिकित्सक के रिक्त पदों को 2 माह में भरा जाएगा : जोराराम कुमावत

**जयपुर ।** पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को विधानसभा में आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा विधान सभा क्षेत्र पाली में पशु चिकित्सक के रिक्त पदों को 2 माह में भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि पशु परिचर के 5934 पदों पर भर्ती के लिए 12 जनवरी, 2024 को विज्ञप्ति जारी की गई और 17 फरवरी 2024 तक आवेदन प्राप्त कर लिए गए है। राज्य सरकार द्वारा आगामी समय में परीक्षा करवाकर इन रिक्त पदों को भर दिया जाएगा। पशुपालन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने विधान सभा क्षेत्र पाली में स्वीकृत एवं रिक्त पदों की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार इन रिक्त पदों को भरने की दिशा में प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया

# बजट में विकसित भारत 2047 की रूपरेखा तैयार, गरीब, महिला, युवा और किसान के लिए क्रांतिकारी बजट, कर दरों में छूट से मध्यम वर्ग तथा वेतनभोगियों को राहत : शर्मा



जयपुर(बढ़ता राजस्थान)

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय बजट 2024-25 का स्वागत करते हुए कहा है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि का प्रभावी रोडमैप इस बजट में तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि, रोजगार, सामाजिक न्याय, नवाचार, ऊर्जा, सुरक्षा, बुनियादी ढांचे सहित 9 प्राथमिकताओं के साथ पेश इस बजट से भारत का विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। यह बजट 140 करोड़ देशवासियों एवं 8 करोड़ राजस्थानियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने वाला साबित होगा। शर्मा ने केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को क्रांतिकारी और ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि इससे प्रत्येक भारतीय के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में गरीब, युवा, महिला, किसान सहित सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी कदम उठाए गए हैं। इस बजट में गरीबों को संबल दिया गया है, मध्यम वर्ग को मजबूत किया गया है तथा देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से विकसित करने का मंत्र दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में युवाओं को रोजगार और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए 2 लाख करोड़ रुपये, महिला सशक्तीकरण को गति देने के लिए 3 लाख करोड़ रुपये, कृषि क्षेत्र के लिए 1 लाख 52 हजार करोड़ रुपये तथा ग्रामीण विकास के लिए 2 लाख 66 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान विकास की नई इबारत लिखेगा। मजबूत आधारभूत ढांचे के विकास के लिए बजट में जीडीपी के 3.4 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है। श्री शर्मा ने कहा कि इस कल्याणकारी बजट में गरीब और मध्यम वर्ग की आवश्यकताओं का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में 3 करोड़ गरीबों और मध्यम वर्ग का घर का सपना पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि बजट में नई कर प्रणाली के अंतर्गत आयकर में छूट, मानक कटौती की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपये करने जैसे प्रावधान कर मध्यम वर्ग और वेतनभोगियों को बड़ी राहत प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमा शुल्क की दरों में कमी किए जाने से कैंसर की दवाईयों, मोबाइल फोन, सोलर सैल और पैनलों की लागत में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट की इन सभी घोषणाओं से आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को मजबूती मिलेगी और आने वाले समय में विकसित भारत-विकसित राजस्थान का लक्ष्य प्राप्त होगा।

# लग्जरी कार चोरी की वारदात करने वाला अन्तर्राज्यीय कुख्यात वाहन चोर अपने सहित गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लग्जरी कार चोरी की वारदात करने वाले अन्तर्राज्यीय कुख्यात वाहन चोर सहित उसके साथ को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक चोरी का चौपहिया वाहन भी बरामद किया है। आरोपित के खिलाफ जयपुर शहर और अन्य जिला सहित कई राज्यों में पूर्व से वाहन चोरी,नकबजनी,लूट,हत्या का प्रयास,आर्म्स एक्ट और अभिरक्षा से भाग जाने के कई दर्जनों मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करते हुए सात सौ किलोमीटर से तक पीछा कर दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे से रामनगर गांव के पास बूढ़ादीत जिला कोटा ग्रामीण से पकड़ा है। आरोपित लग्जरी कार चुराने का आदतन अपराधी है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लग्जरी कार चोरी की वारदात करने वाले शेर सिंह उर्फ रतन सिंह को गिरफ्तार किया है।

# बिजली के पोल पर लटका रहा लाइनमैन, करंट लगने से मौत

## करंट के बाद लगी आग, एक पैर कटकर हुआ अलग

भीलवाड़ा।



बिजली के पोल पर लाइन को ठीक कर रहे ठेकाकर्मी लाइनमैन की करंट से मौत हो गई। युवक का एक पैर कटकर अलग होकर जमीन पर गिर पड़ा। आधे घंटे तक युवक का शव तारों पर लटका रहा। मामला भीलवाड़ा के प्रतापनगर इलाके का मंगलवार सुबह 11 बजे का है। एएसआई चिराग अली कायमखानी ने बताया- मध्य प्रदेश के सागर जिले का रहने वाला सौरभ पटेल (22) भीलवाड़ा में बिजली विभाग में ठेकेदार के पास लाइनमैन था। मंगलवार को सौरभ बापूनगर इलाके की हेमू कॉलोनी पार्क के पास ट्रैक्टर क्रेन पर चढ़कर बिजली लाइन पर काम कर रहा था। इसी दौरान बिजली सप्लाई चालू होने से करंट दौड़ गया। सौरभ पोल और लाइन से चिपक गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे का पता चलते ही कर्मचारियों ने बिजली सप्लाई बंद की। प्रतापनगर पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पहुंचे। दोपहर 12 बजे लाइनमैन का शव क्रेन की मदद नीचे उतरा गया। पोस्टमॉर्टम के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल भिजवाया। जानकारी के अनुसार सौरभ 4 दिन पहले ही भीलवाड़ा आया था। वह परिचित के पास ठहरा था। उसका परिवार सागर में ही रहता है। ठेकेदार ने कर्मचारी को सौरभ के गांव भेजा है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। मामले में सुपरिटेंडेंट इंजीनियर (एसई) वीके संचेती को दो बार कॉल लगाया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया।

# ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादलों के लिए नीति बनेगी शिक्षा विभाग में डेपुटेशन खत्म होंगे : दिलावर

## सदन में तैयारी करके आएं, सवाल पूछने वाले भी भाषण नहीं दें : देवनानी

जयपुर(बढ़ता राजस्थान)

विधानसभा में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादलों से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि अभी सरकार ने तबादलों पर रोक लगा रखी है। तबादलों के संबंध में नीति बनाने की प्रक्रिया विचाराधीन है। दिव्यांग शिक्षकों को नजदीक लगाया जाएगा। जयपुर में कई शिक्षक डेपुटेशन पर जमे हैं। जहां काम नहीं है, ऐसे डेपुटेशन निरस्त किए जाएंगे। शिक्षा विभाग में डेपुटेशन को खत्म करने पर भी विचार किया जा रहा है। सदन में प्रश्नकाल खत्म होने के बाद स्पीकर वासुदेव देवनानी ने मंत्री को जमकर फटकार लगाई। स्पीकर शून्यकाल की कार्यवाही में शामिल किए जाने वाले मुद्दों का ब्यौरा रख रहे थे, उसी दौरान मंत्री उठकर जाने लगे, इस पर स्पीकर ने नाराजगी जाहिर की। देवनानी ने कहा- जब शून्यकाल हो तो कोई भी विधायक मंत्री के पास नहीं जाएगा। आप मंत्री के चेंबर में जाकर बात कीजिए। कुछ मंत्री और विधायक स्पीकर के बोलने के दौरान भी सदन में इधर-उधर घूमते हैं। कोई उठकर जा रहा है। कुछ पहली बार आए विधायक और कुछ पुराने विधायक भी ऐसा करते हैं। मुझे मजबूर होकर कार्रवाई करनी पड़ेगी। देवनानी ने कहा-सदन में अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सवाल के अलावा दो पूरक प्रश्न करने की अनुमति होगी। पहले और दूसरे पूरक प्रश्न के बाद नेता प्रतिपक्ष को अनुमति दूंगा। उसके बाद अगले सवाल पर जाएगा, प्रश्न का उत्तर नहीं आया है तो भी जो कहना है, बाद में कह दें, यह जरूरी नहीं कि जो आप चाहते हैं, उसी रूप में प्रश्न का उत्तर आए। मंत्री भी तैयारी करके आएं। पूरक प्रश्न पूछने वाले भी दाएं-बाएं नहीं जाए, प्रश्न से जुड़ी बात ही पूछें। प्रश्न पर भाषण देना शुरू कर देते हैं, जो उचित नहीं है।




### डोटासरा और स्पीकर के बीच नोकझोंक

इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और स्पीकर वासुदेव देवनानी के बीच नोकझोंक हो गई। स्वास्थ्य मंत्री जब कालीचरण सराफ के सवाल का जवाब देकर बैठे तो डोटासरा ने सवाल किया। इस पर स्पीकर ने कहा- डोटासराजी, हर सवाल पर आपका खड़े होना सही नहीं है। केवल नेता प्रतिपक्ष को ही इजाजत दी जाएगी। डोटासरा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसा नहीं चलेगा। स्पीकर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसा ही होगा। नहीं तो मुझे कार्रवाई करनी पड़ेगी। आपको खड़े होने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार विपक्ष के नेता को है। आपको बिल्कुल अधिकार नहीं है। इसके बाद स्पीकर ने कहा कि डोटासरा जो बोलें वो सदन की कार्यवाही में रिकॉर्ड नहीं हो।

### नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- अवैध खनन रोकने को सरकार क्या कार्रवाई करेगी

- नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- सरकार अवैध खनन को रोकने को लेकर क्या कार्रवाई करेगी?
- परसों ही अवैध खनन रोकने गई पुलिस पर हमला हो किया गया था।
- सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि पिछली सरकार के मुखिया ने इसी सदन में कहा था कि बजरी का अवैध खनन रुक नहीं सकता। अवैध खनन पर रोक नहीं लगा सकते।
- इस दौरान सदन में कांग्रेस-बीजेपी विधायकों के बीच नोकझोंक होती रही।

### डोटासरा ने बीजेपी एमएल से कहा- भाषण मत दीजिए

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान राज्य पर बढ़ते कर्जभार से जुड़े सवाल पर जमकर हंगामा हुआ। विधानसभा में मंगलवार को बीजेपी विधायक संदीप शर्मा को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने टोक दिया। उन्होंने कहा- भाषण मत दीजिए। सवाल पूछिए। इस पर बीजेपी और कांग्रेस विधायकों के बीच नोकझोंक होने लगी। हंगामे के हालात बनते देख स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कुछ विधायकों को फटकार लगाई। तब जाकर मामला शांत हुआ। बीजेपी विधायक संदीप शर्मा ने पूरक सवाल पूछते हुए कहा कि दुख की बात है कि पिछली सरकार ने राज्य पर कर्जभार बढ़ाया। बीजेपी विधायक संदीप शर्मा ने पूरक सवाल पूछते हुए कहा कि दुख की बात है कि पिछली सरकार ने राज्य पर कर्जभार बढ़ाया। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि इस सदन को चलाने का काम अध्यक्ष का है।

### बीजेपी विधायक ने अपनी ही सरकार के मंत्री को घेरा

- विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बीजेपी विधायक कालीचरण सराफ ने अपनी ही सरकार के स्वास्थ्य मंत्री को घेरा।
- कांग्रेस राज में महंगी दरों पर डायलिसिस मशीनें खरीदने के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने गड़बड़ियों से इनकार करते हुए क्लीन चिट दे दी।
- कालीचरण सराफ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा- मंत्रीजी, यह बिल्कुल गलत जवाब है। अफसरों ने जो लिखकर दिया वही पढ़ दिया है।
- कांग्रेस राज में खरीदी गई डायलिसिस मशीनों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बीजेपी विधायक कालीचरण सराफ ने अपनी ही सरकार के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर को घेर लिया।
- उन्होंने कहा- दूसरे राज्यों में जो मशीनें 12 से 15 लाख में खरीदीं, उन्हें पिछली सरकार ने 21 लाख रुपए से ज्यादा कीमत में खरीदा।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com